* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची 14 सितंबर, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 325, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

करम पर्व की बधाई

मुख्यमंत्री ने बोकारो में भाजपा पर जम कर साधा निशाना

विधायक-मंत्री को ये लोग ऐसे खरीदता है, जैसे सब्जी : हेमंत

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत दूसरी किस्त का किया हस्तांतरण
- बोकारो और रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ रुपये की 733 योजनाओं का दिया तोहफा

अक्षय कुमार सिंह

महुआटांड़/बोकारो (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार बनी तो कोरोना और सुखाड़ जैसे संकट आ गये। इनसे निपटने के बाद जैसे ही विकास का काम शुरू किया, तो विपक्ष के लोग हमारी टांग खींचने लगे। झूठा आरोप लगाने लगे। सरकार बनाने के वक्त हमारा हुलिया कैसा था और आज हमारा हुलिया कैसा है। इन बेइमानों ने मुझे कुत्ता-बिल्ली की तरह लुका छिपी करने पर मजबूर किया। झूठा आरोप-प्रत्यारोप करके इन लोगों ने मुझे बहुत परेशान किया। अंत में नहीं सका, तो जेल में डाल दिया। जब किसी के ऊपर गरीब-गुरबा का आशीर्वाद होता है, तो उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर पाता है। आज इसी का नतीजा है कि फिर से हम आपके बीच हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 45 लाख से अधिक महिलाओं के खाता में दूसरी किस्त का हस्तांतरण किया।

(शेष पेज 05 पर)

हेमंत ने कहा

- ना जेल जाने से डरते हैं, ना गोलियों से, ये बिरसा मुंडा की धरती है, विजयी होते रहेंगे
- बेइमानों ने मुझे कुत्ता-बिल्ली की तरह लुका-छिपी करने पर मजबूर कर दिया
- झूठा आरोप-प्रत्यारोप करके इन लोगों ने मुझे बहुत परेशान किया, जेल में डाल दिया

इस बार झारखंड में खड़ा नहीं हो पायेगा विपक्ष

हेमंत ने कहा कि पूरे देश की ताकत झारखंड में घुसने जा रही है। एक तरफ गरीब, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक लोग है और दूसरी तरफ पूंजीपतियों की जमात उड़ते-उड़ते झारखंड आ रही है। आने वाले चुनाव में ये लोग गांव-गांव, पंचायत-पंचायत, घर-घर में घुसेगा और लोगों को दिग्भ्रमित करेगा। हिंदू-मुस्लिम करेगा। अगड़ा-पिछड़ा करेगा। एक दूसरे से लड़वा कर राजनीतिक रोटी सेकेगा। ये सम्मान देनेवाले नहीं, बल्कि सम्मान लूटने वाले हैं। लेकिन चिंता मत कीजिए, गठबंधन की सरकार ने मजबूती से मोर्चा संभाल रखा है। दो-तीन महीने के बाद फिर ऐसी पटखनी देंगे कि दोबारा झारखंड में ये लोग खड़ा नहीं हो पायेगा।

पाकुड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्य सरकार पर बरसे

अब भी स्थिति नहीं बदली तो संथाल में आदिवासी नहीं रह जायेंगे: मरांडी

पार्टी की जन आक्रोश रैली में हुए शामिल

कार्तिक कुमार

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार से संथाल परगना से लेकर पूरे झारखंड में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है, वह अलार्मिंग सिचुएशन है। हालत यह है कि संथाल में आदिवासियों की 44 से घट कर 28 फीसदी आबादी हो गयी है। अगर यही रफ्तार रही, तो एक दिन ऐसा भी आयेगा कि संथाल परगना में आदिवासी नहीं रह जायेंगे। हालत यह होगी कि यहां संथाली-पहाड़िया ही नहीं रह जायेंगे, जिसके नाम से यह संथाल परगना बनाया गया। बाबूलाल शुक्रवार को पाकुड़ में पार्टी द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली में बोल रहे थे।

सरकार आबादी घटने पर कुछ नहीं बोल रही: बाबूलाल ने कहा कि आदिवासियों की आखिर लगातार आबादी घटने का क्या कारण है। इसकी जांच होनी चाहिए। सरकार इस मुद्दे पर कुछ नही बोलना चाहती है और ना ही सरकार इसकी चिंता करती है। इस मामले को लेकर हाइकोर्ट में भी केस चल रहा है। भारत सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दिया है, जिसमें भारत सरकार ने भी माना है कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हुई है। क्षेत्र में आदिवासियों की 16 फीसदी आबादी कम हुई है। क्योंकि बंगाल और बांग्लादेश से बड़ी तादाद में घुसपैठ हुई है। प्रदेश की सरकार इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं है। हमने कहा कि जांच होनी चाहिए। जांच होगी तो पता चलेगा कि बाहर से बांग्लादेश से आकर घुसपैठ की गयी है।

हेमंत सरकार में गुंडों-बदमाशों की चलती है

बाबूलाल ने कहा कि पाकुड़ में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा आये तो उन्हें गोपीनाथपुर गांव इसलिए जाने नहीं दिया कि उन्हें सुरक्षा नहीं दे पायेंगे। इससे साफ समझ में आ रहा है कि यहां गुंडों-बदमाशों की कितना चलती है। उन्होंने कहा कि तारानगर गांव में हिंदू परिवार पर हमला हुआ और कई लोग गांव छोड़ कर भाग गये और आज तक वापस नहीं लौटे हैं। आज राज्य को हेमंत सरकार ने खुद अशांत कर रखा है और यदि कोई इस सरकार के विरुद्ध आवाज उठाता है, तो उस पर तरह-तरह के केस दर्ज किये जा रहे हैं।

झामुमो-कांग्रेस के लोग परिवार और पैसे के लिए काम करते हैं

भाजापा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में आदिवासियों को लेकर लोग राजनीति करते हैं। झामुमो और कंग्रेस के लोग बस अपने परिवार के लिए काम करते हैं। पैसे के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि याद करें, हमने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी, तो अलग राज्य देंगे। 1998-99 में देश में वाजपेयी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तो 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य बना। भाजपा जो कहती है, वह करती है। कांग्रेस ने वर्षों शासन किया, लेकिन अलग राज्य और आदिवासियों के हितों के लिए कुछ नहीं किया। दरअसल उनको यहां के लोगों की तकलीफ से कोई मतलब नहीं है। वो सिर्फ वोट के लिए राजनीति करते हैं।

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,200 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

धनबाद भाजपा में टिकट के दावेदारों के बीच घमासान

- चुनावी बरसात में उभरे दावेदारों की टर्र-टर्र से कार्यकर्ता और समर्थक नाराज
- सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई, तो भाजपा को हो सकती है परेशानी
- दावेदारों की लंबी फेहरिस्त, लेकिन कइयों की समाज और संगठन में भूमिका शून्य

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में विधानसभा के चुनाव अक्टूबर-नवंबर में संभावित हैं। इसे लेकर सभी पार्टियों ने अपनी ताकतें झोंक दी हैं। कांग्रेस की बात करें तो पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी झारखंड पहुंच चुकी है। उसने रांची, पलामू, हजारीबाग और धनबाद में पार्टी नेताओं के साथ संभावित प्रत्याशी को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने भी अपना फोकस कोल्हान की तरफ दे दिया है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को भाजपा ने राज्य की 81 विधानसभा सीटों के लिए कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। इस दौरान कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गये। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इसी हफ्ते पार्टी की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में रायशुमारी में सामने आये नामों पर चर्चा होगी और इसके बाद यह समिति अपनी अनुशंसा के साथ लिस्ट केंद्रीय चुनाव समिति को अग्रसारित कर देगी। इस बीच 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जमशेदपुर में कार्यक्रम होने वाला है। यहां वह करोड़ों की विकास और कल्याणकारी योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद 21 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड आयेंगे और पार्टी की ओर से राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे। इन दोनों शीर्ष नेताओं के झारखंड दौरे के साथ ही राज्य में भाजपा का चुनावी अभियान तेज हो जायेगा। इन सबके बीच बात करें भाजपा का गढ़ माने जानेवाले धनबाद क्लस्टर की, तो यहां आसन्न विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में ऊहापोह की स्थिति है। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता दबे शब्दों में ही सही, लेकिन कह रहे हैं कि सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। उन्हें तवज्जो नहीं दी जा रही है। देखा जाये, तो धनबाद भाजपा क्लस्टर के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समर्थकों का मानना है कि धनबाद भाजपा में अब सक्रिय नेता कार्यकर्ताओं की नहीं, अपितु चाटुकार, बाहुबली तथा धनबल के धनी की तूती बोलती है। फलस्वरूप संगठन में असंतोष, व्याकुलता का भाव है। गुटबाजी, बयानबाजी, विरोधाभास खुल कर सामने आने लगे हैं। धनबाद भाजपा क्लस्टर के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में से धनबाद विधानसभा क्षेत्र में भावी प्रत्याशी कौन होगा, इसको लेकर सबसे अधिक भूचाल देखा जा रहा है। वहां जो बुधवार को रायशुमारी हुई, उसमें गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। यहां के कुछ धन्नासेठ पैसे के बल पर रामशुमारी में अपना नाम डलवाने का अच्छा-खासा इंतजाम कर लिया था। धनबाद भाजपा क्लस्टर में रायशुमारी में उपजे विवाद और टिकट के दावेदारी को लेकर ऊहापोह तथा पेंच पर रोशनी डाल रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।**

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में टिकट के दावेदारों के बीच घमासान मचा हुआ है। बुधवार, 11 सितंबर 24 को सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में रायशुमारी हुई, जिसमें कई जगह हंगामा और मारपीट की खबरें आयीं। धनबाद क्लस्टर भी इससे अछूता नहीं है। धनबाद में विधायक राज सिन्हा और कोयला कारोबारी लालबाबू सिंह के समर्थकों के बीच झड़प हुई। वहीं निरसा में भाजपा महिला मोर्चा की दो नेत्री आपस में भिड़ गयीं। रायशुमारी में विवाद की स्थिति देख भाजपा के ही लोग कहते सुने गये कि रायशुमारी से पार्टी में गुटबाजी बढ़ेगी। समर्थक तथा कार्यकर्ता यहां तक कह रहे थे कि धनबाद में रायशुमारी का कोई औचित्य नहीं बचा है। आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में रायशुमारी के दौरान सबसे अधिक 70 प्रतिशत भाजपाइयों ने पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह के पक्ष में मतदान किया और अपनी सहमति जतायी। लेकिन यहां ऐसे प्रत्याशी को टिकट दिया, जिसकी चर्चा रायशुमारी में ना के बराबर थी आरोप लगाया कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनावी बरसात में टर्र-टर्र करनेवाले नेता उपजे हैं, जो धनबल, बाहुबल का उपयोग कर टिकट पाना चाहते हैं। रायशुमारी के दौरान यह देखने को भी मिला। धन्नासेठों ने रायशुमारी में हर नुस्खे अपनाये।

नये चेहरे चुनावी मैदान में उतरने को आतुर

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पहले से ही इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा इस बार नये चेहरे मैदान में उतार सकती है। ये भाजपा ने आसन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जमीन पर भी किया। पार्टी ने 30 से अधिक नये चेहरों को मैदान में उतारा है, वहीं 14 विधायकों के टिकट भी काटे हैं। इसके साथ ही पार्टी ने चार विधायकों की सीटों में भी बदलाव किया है। कयास तेज हैं कि झारखंड में भाजपा और आरएसएस ने मिल कर सरकार बनाने के लिए जो कुछ वो कर सकते हैं, वो किया जायेगा। फलस्वरूप, धनबाद विधानसभा क्षेत्र से भावी विधायक की दौड़ में विधायक राज सिन्हा, निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल के अलावा नये चेहरे कोयला कारोबारी एलबी सिंह, अशर्फी अस्पताल के सीइओ हरेंद्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र कुमार, शिक्षाविद राकेश कुमार, रंजीत कुमार सिंह आदि शामिल हैं। ये सभी दावेदार भी अपनी गोटी बैठाने की जुगत में सभी हथकंडे अपनाने पर आतुर हैं। इसका परिणाम बुधवार, 11 सितंबर 24 को रायशुमारी के दौरान दिखा, जहां विधायक राज सिन्हा और कोयला कारोबारी लालबाबू सिंह के समर्थकों के बीच झड़प हो गयी। धनबाद बैंक मोड़ मंडल के पदाधिकारी सह धनबाद विधायक राज सिन्हा के करीबी मंजीत सिंह ने बताया कि बैंक मोड़ मंडल के पदाधिकारियों की जब रायशुमारी हो रही थी, तब कई ऐसे लोग थे, जिनका बैंक मोड़ मंडल से कोई संबंध नहीं है, वे पहुंच गये। विरोध करने पर हंगामा करने लगे और दुर्व्यवहार किया। धक्का-मुक्की भी की गयी। मंजीत ने कहा कि हंगामा करने वाले कांग्रेस के धनबाद प्रखंड के उपाध्यक्ष मोजीब खान और राजद के मिथुन यादव हैं। वहीं विरोधी गुट ने विधायक समर्थक कार्यकर्ताओं पर फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया, तो विधायक समर्थकों ने एलबी सिंह पर कई गंभीर आरोप मढ़ दिये। आरोप- प्रत्यारोप का दौर देर तक चला। हालांकि पूरे मामले में विधायक राज सिन्हा और एलबी सिंह ने टिप्पणी से इनकार किया। यहां बता दें कि एलबी सिंह, हरेंद्र सिंह के भाई गोपाल सिंह, राकेश कुमार, रंजीत कुमार सिंह भी वोटरों को रिझाने जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। एलबी सिंह के हथियारंबद निजी अंगरक्षक भाजपा कार्यालय में सक्रिय रहे। इसे लेकर भी कार्यकर्ताओं में आक्रोश दिखा।

भाजपा-आरएसएस मंथन से दिखेगा असर

लोकसभा चुनाव में भाजपा को आरएसएस की अनदेखी का भारी सामना करना पड़ा, वहीं कुछ जातियों का साथ ना मिलने की वजह से भी पार्टी की परफॉर्मेंस पर असर पड़ा। इसी वजह से 2014 तथा 2019 में 11 लोकसभा सीट जीतने वाली भाजपा 2024 में सिर्फ आठ लोकसभा सीटों पर ही जीत दर्ज कर पायी। वोटिंग प्रतिशत भी गिरा। इससे सीख लेते हुए भाजपा में विधानसभा चुनाव में आरएसएस के साथ बैलेंस और जातीय समीकरणों का ध्यान रखा जा रहा है। भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए आरएसएस के साथ लगातार मंथन कर रही है। लोकसभा चुनाव में दोनों के बीच सामंजस्य की कमी देखने को मिली थी, विधानसभा चुनाव में ये दोबारा ना दिखे, उसके लिए भाजपा संगठन और आरएसएस में बड़ी शिद्दत से काम किया जा रहा है। भाजपा के झारखंड प्रभारी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बीते सोमवार को अचानक सुबह सवेरे धनबाद पहुंचे और संघ के नेताओं के साथ चिंतन-मंथन कर रांची चले गये। संघ सदस्यों के साथ गोपनीय बैठक के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं की एंट्री नहीं थी। माना जा रहा है कि झारखंड के 81 में से 30 से ज्यादा उम्मीदवार भाजपा को आरएसएस के रिकमेंडेशन पर दिये जायेंगे। यानी भाजपा और आरएसएस इस बार झारखंड में जीत के लिए तालमेल के साथ काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि भाजपा और आरएसएस ने मिल कर जातीय समीकरणों का भी खास ख्याल रखा है।

संघ के साथ भाजपा का धनबाद सीट पर बनेगा तालमेल?

राजनीतिक मामलों के जानकार कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस के बीच लोकसभा चुनाव के बाद हुई कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में ये बात सामने आयी थी कि दोनों के बीच तालमेल की कमी रही। उसके बाद हुई बैठकों में तय हो गया था कि बिना संघ की हरी झंडी के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार तय नहीं किये जायेंगे। हरियाणा में भाजपा का जो टिकट वितरण हुआ है, उसमें भी ये बात साफ हो गयी है। करीब सभी विधानसभा क्षेत्रों में आरएसएस के इनपुट के बिना टिकट वितरण नहीं हुआ है। उम्मीदवारों को तय करने में संघ का इनपुट रहा है। कयास लगाये जा रहे हैं कि झारखंड विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को तय करने में संघ का इनपुट रहेगा। हालांकि कई मामलों में संघ और पार्टी के बीच टकराव की भी बातें सामने आयी हैं। ऐसे में धनबाद सीट को लेकर संघ और भाजपा के बीच तालमेल बिठाने में विशेष सावधानी की जरूरत है। मिली जानकारी के मुताबिक, संघ इस बार धनबाद से संघ के प्रतिनिधि को चुनावी दंगल में उतारना चाहता है। संघ के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह की मुलाकात के बाद धनबाद सीट से शिक्षाविद् राकेश कुमार का नाम अचानक चर्चा में आ गया है। हालांकि, भाजपाइयों का कहना है कि राकेश कुमार कभी भी सक्रिय राजनीति या भाजपा संगठन से जुड़े नहीं रहे हैं। कार्यकर्ता कहते हैं कि यदि धनबाद विधायक राज सिन्हा का टिकट काट कर भाजपा किसी धनाढ्य या बाहुबली को टिकट देती है या फिर पार्टी किसी अपरिचित चेहरे को उम्मीदवार बनाती है, तो भाजपा के लिए स्थिति अनुकूल नहीं होगी।

सोशल इंजीनियरिंग पर देना होगा जोर

जानकारों और भाजपा समर्थक कहते हैं कि धनबाद सीट पर सोशल इंजीनियरिंग पर फोकस करना होगा। विरोध के बावजूद धनाढ्य या बाहुबली या फिर अपरिचित चेहरे को टिकट दिया गया, तो सोशल इंजीनियरिंग महत्वपूर्ण होगी। भाजपा के जातीय समीकरण को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में ये बात सामने आयी थी कि कुर्मी, चित्रांश, राजपूत और किसान भाजपा से नाराज हैं। दूसरा दलित समाज का कुछ वोट बैंक भी भाजपा से खिसक कर कांग्रेस की तरफ चला गया था। ब्राह्मण और भूमिहार भी नाराज थे। विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार और दलितों ने भाजपा को दरकिनार किया, तो धनबाद सीट बचाना भाजपा के लिए मुश्किल साबित होगा। टिकट वितरण में जातियों को संतुलित करने की कोशिश भाजपा को करनी ही होगी। वर्षों से तपे-तपाये कार्यकर्ताओं-नेताओं में से ही किसी को चुनाव मैदान में उतारना होगा।

---

16 को हिरणपुर के मांझी परगना महासम्मेलन से पहले पूर्व सीएम का हेमंत सरकार से सवाल

जिकरहट्टी संताली टोला के भूमिपुत्र कहां गयेः चंपाई

महासम्मेलन के जरिये घुसपैठ के खिलाफ बिगुल फूकेंगे चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि शतुरमुर्ग के रेत में सिर गाड़ने से सच्चाई नहीं बदलती। वह संताल परगना में घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने घुसपैठ के खिलाफ सामाजिक आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है और कहा है कि 16 सितंबर को हिरणपुर के मांझी परगना सहासम्मेलन से इसकी शुरुआत होगी। अपने एक्स हैंडल पर शुक्रवार को उन्होंने कहा कि महासम्मेलन में हम समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं अन्य मार्गदर्शकों के साथ बैठ कर इस समस्या का कारण समझने तथा समाधान तलाशने पर मंथन करेंगे। इसी दिन बाबा तिलका मांझी और वीर सिदो-कान्हू के संघर्ष से प्रेरणा लेकर हमारा आदिवासी समाज अपने अस्तित्व तथा माताओं, बहनों एवं बेटियों की अस्मत बचाने हेतु सामाजिक जन-आंदोलन शुरू करेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वोट बैंक के लिए कुछ राजनीतिक दल भले ही आंकड़े छुपाने का प्रयास करें, लेकिन शतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर गाड़ लेने से सच्चाई नहीं बदल जाती। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करनेवाले वीर शहीदों की धरती पूरे संथाल परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखायेगी।

पाकुड़ के गांव में नहीं बचा आदिम जनजाति का कोई सदस्य

चंपाई ने कहा कि पाकुड़ के जिकरहट्टी स्थित संथाली टोला और मालपहाड़िया गांव में अब आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है। तो आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गये? उनकी जमीन, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है? इसके साथ-साथ वहां के दर्जनों अन्य गांवों-टोलों को जमाई टोला में कौन बदल रहा है? अगर वे स्थानीय हैं, तो फिर उनका अपना घर कहां है? वे लोग जमाई टोलों में क्यों रहते हैं? किस के संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है?

लोगों को पाकुड़ आने का किया आह्वान

चंपई सोरेन ने लोगों से अपील की कि अगर आप पाकुड़ अथवा आसपास रहते हैं, तो आइये, इस बदलाव का हिस्सा बनिये। हमें विश्वास है कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की यह धरती (पाकुड़) पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखायेगी।

संताल हूल विद्रोह का किया जिक्र : पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संताल हूल के दौरान स्थानीय विद्रोहियों के डर से अंग्रेजों ने पाकुड़ में मार्टिलो टावर का निर्माण करवाया था, जो आज भी है। इसी टावर में छिप कर अंग्रेज सैनिक संताल विद्रोहियों पर गोलियां बरसाते थे। इस वीर भूमि की ऐसी कई कहानियां आज भी बड़े-बुजुर्ग गर्व के साथ सुनाते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि आज उसी पाकुड़ में हमारा आदिवासी समाज अल्पसंख्यक हो चुका है? वहां के वोटर लिस्ट पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी माटी, हमारी जन्मभूमि से हमें ही बेदखल करने में बांग्लादेशी घुसपैठिये काफी हद तक सफल हो गये हैं।

भाजपा के पास मुद्दा नहीं रह गया, इसलिए कम्युनल डेमोग्राफी की बात कर रहीः सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। वह झामुमो के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा घुसपैठ मामले में हाइकोर्ट में जमा किये गये शपथ पत्र का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाइकोर्ट में एक केस चल रहा है हमारे राज्य में घुसपैठ को लेकर। वो शपथ पत्र को हमने भी पढ़ा। गुरुवार को शपथ पत्र दायर हुआ। और फिर उसकी सुनवाई अगले मंगलवार को होगी। लेकिन उसके पहले ही एक बीजेपी का एक पोलिटिकल बयान आया संथाल परगना में डेमोग्राफी चेंज हो गयी। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठिया हैं। भारत सरकार की तरफ से या आधार की जो ऑथोरिटी है उसकी तरफ से कहीं इस बात का जिक्र नहीं है कि बांग्लादेश से कुछ लोग संथाल परगना के इलाके में आकर रह रहे हैं। शपथ पत्र में 2011 के सेंसस को एक आधार बनाया गया। उसमें 1961 को बेसलाइन माना गया और 2011 का सेंसस दिया गया। मतलब 50 साल का समय।

बंगाली दूसरी सबसे बड़ी कम्युनिटी थी

उन्होंने शपथ पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें यह भी कहा गया कि तब आदिवासियों का प्रतिशत इतना था और मुस्लिमों का इतना था और ईसाइयों का इतना था और अब ये रह गया है। उसमें कहीं संख्या नहीं है। ये छह जिले को लेकर न्यायालय में शपथ पत्र दायर किया। मैं रांची के बहुत पुराने वाशिंदे से बात कर रहा था। उनकी उम्र लगभग 97-98 साल थी। हमने उनसे पूछा कि रांची में लोग कब से आ रहे हैं। तब उन्होंने हमसे कहा कि 1952 से जब एचइसी का निर्माण होना शुरू हुआ तब से लोग आने लगे। उस वक्त रांची में पूरे जिले की आबादी 3 लाख से भी कम थी और आज रांची शहर की आबादी 35 लाख से ज्यादा है। उस वक्त मूलतः रांची में आदिवासी सबसे बड़ी कम्युनिटी थी और बंगाली उसके बाद की कम्युनिटी थी शहर के अंदर। लेकिन आज की स्थिति ऐसी है कि बंगाली कम्युनिटी कई कारण से दूसरी सबसे बड़ी कम्युनिटी नहीं है। ये डेमोग्राफी चेंज इन 50 वर्षों में पूरे हिंदुस्तान का हुआ है।

दफ्तरों में कोर्ट की आलोचना हो रही

जब देश आजाद हुआ था तब 33 करोड़ लोग थे, आज 150 करोड़ हैं। ये 75 साल का आंकड़ा है। अब भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। चूंकि चुनाव सामने आ रहा है, भाजपा के पास मुद्दा नहीं रह गया इसलिए सांप्रदायिक डेमोग्राफी की बात कर रही हैं। ये कौन सा खेल चल रहा है और न्यायालय को इसमें क्यों लाया जा रहा है। आप आदिवासी लिखते हैं तो बताइयेगा ना वो सरना है या गैर सरना। संथाल परगना में पुराने समय से खासकर साहिबगंज, राजमहल, पाकुड़ ये इलाका बंगला भाषी इलाका है। भाषा से धर्म विभाजित नहीं होता है। इनके सांसद संथाल परगना को तोड़ने की बात कहते हैं। ये खेल हमलोग समझते हैं। ये बहुत खतरनाक खेल है। इस प्रकार से राज्य में जो विभाजनकारी तेज किये गये हैं। ये कबीर का देश है। ये गुरुनानक का देश है। ये देश बुद्ध का है। महावीर का है।

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची 14 सितंबर, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 325, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

करम पर्व की बधाई

आप सभी को

प्रकृति - पर्व

करम पूजा

की हार्दिक

शुभकामनाएं

सबका साथ
सबका विकास....

सन्नी टोप्पो

युवा भाजपा नेता

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
04

सिपाही बहाली परीक्षा में अडाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर से छह छात्रों ने पायी सफलता

बड़कागांव/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अडाणी फाउंडेशन द्वारा गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत युवाओं को अग्निवीर और पारा मिलिट्री समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करायी जा रही है। इसके तहत झारखंड उत्पाद सिपाही नियुक्ति परीक्षा में अडाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर से छह छात्रों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। ये सभी गोंदलपुरा और आसपास के इलाकों से आते हैं। इधर, छह अन्य लड़कियों ने, जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, लिखित परीक्षा के लिए अडाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर में पढ़ने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में इन छह लड़कियों को मिलाकर अदाणी फाउन्डेशन के कोचिंग क्लास से कुल 12 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। इन्हें लगातार अडाणी फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जायेगा। इससे पहले इसी प्रशिक्षण केंद्र से अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफल छात्रों को अडाणी फाउंडेशन द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा अडाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैंप और नेत्र जांच शिविर लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान दिये जाते हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। अडाणी फॉउंडेशन लगातार सामाजिक कार्यों में नयी पहल कर रहा है।

डीएवी कोडरमा के नन्हे शिल्पकारों ने गढ़ीं आकृतियां

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया कोडरमा के कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हें कलाकारों ने बड़े ही उत्साहित होकर क्ले मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रंग -बिरंगे क्ले से विभिन्न आकृतियां बनायी। जिसमें नन्हें शिल्पकारों ने मिट्टी से फल, फूल, सब्जियां, विभिन्न पक्षी -जानवर, गणेश जी, श्रीकृष्ण जी आदि बनाये। विद्यालय के शिक्षक आकाश कुमार गुप्ता ने रचनाओं को उनकी सुंदरता, रचनात्मकता और प्रदर्शन करने के ढंग के आधार पर आकलन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृषा गुप्ता, समायरा कुमारी, अनिका चौहान, पुनित कुमार, अनिक देव और हर्षित निराला रहे द्वितीय स्थान मिवान राज, वाणी गुप्ता, आराध्या अग्रवाल, सिमरन कौर और अद्विक यादव ने प्राप्त किया, दक्ष चौधरी, अश्मि पाठक, आदिश्री और सान्वी सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कलाकारों को एक मंच प्रदान करना है जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं और अपनी रचनात्मकता का विकसित कर सकते हैं। विद्यालय की शिक्षिका श्वेता सिंह, संध्या कुमारी, शिल्पी गुप्ता, लक्की पाठक और निधि कुमारी के देख -रेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के निमित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, जयनगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्राओं को आत्महत्या के कारणों और इसके पूर्व पहचान करने से संबंधित जानकारी दी गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आशीष राज नें बताया कि आत्महत्या मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और यह सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। वर्तमान परिपेक्ष्य में आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन कर उभरी है। युवा वर्ग युवावस्था का संक्रमण काल है, जिसमें युवाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, खास तौर से कॅरियर, जॉब, रिश्ते, खुद की इच्छाएं और भविष्य की पढ़ाई आदि है। इस मौके पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सिद्धान्त ओहदार नें आत्महत्या के सामाजिक पहलुओं विस्तृत जानकरी साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में सामाजिक व नैतिक मूल्यों में गिरावट, परिवारिक टूट, अकेलापन मनुष्य को धीर-धीरे आत्महत्या की तरफ प्रेरित करता है, ऐसी परिस्थितियों से लोगों को बचना चाहिए और परेशानी महसूस होने पर चिकित्सक से संपर्क कर सलाह अवश्य लेनी चाहिए और पीड़ित व्यक्ति को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक भी उपस्थित थीं।

स्थापना दिवस समारोह को लेकर विभावि मुख्यालय परिसर के लिए छुट्टियों को किया गया रद्द

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस में राज्यपाल सह कुलाधिपति के आगमन को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के दिनांक 14, 16 और 17 सितंबर की छुट्टियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई शिक्षक करमां पर्व और ईद-उल-मिलाद के दिन अवकाश का उपभोग करना चाहते हैं तो वह कर सकते हैं। इसकी सूचना स्थापना शाखा को उचित माध्यम से उपलब्ध करानी होगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति छुट्टियों का उपभोग नहीं करेंगे उन्हें उतने दिनों की छुट्टी भविष्य में किसी उपयुक्त समय में उपलब्ध कराया जायेगा। विभागाध्यक्षों और निदेशकों को बताया गया है कि अपने -अपने विभाग के विद्यार्थियों को विभागीय पोशाक में 17 सितंबर के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निर्देशित करेंगे। उक्त तिथि को सभी शिक्षक आई कार्ड का धारण करेंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश में किसी प्रकार की असुविधा होने पर विभागीय शिक्षक विद्यार्थियों की पहचान करके उन्हें प्रवेश दिलायेंगे। ऐसे सभी विद्यार्थी 17 सितंबर के पूर्वाहन 10:15 तक विवेकानंद सभागार में अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। इधर कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने निर्देश दिया है कि रविवार को अपराहन 3:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के अभ्यास का वह स्वयं निरीक्षण करेंगी।

जूट क्राफ्ट का प्रशिक्षण शिविर शुरू

डोमचांच (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड के नावाडीह पंचायत सचिवालय में जूट क्राफ्ट का 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरूआत किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडेय, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, जिला उद्यमी समन्वयक अघनु उरांव, प्रखंड उद्यमी समन्वयक आशुतोष सिन्हा, नावाडीह मुखिया ममता कुमारी जन सहभागी विकास केंद्र की ज्योति सिंह ने किया।

कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने विस चुनाव लड़ने वाले इच्छुक नेताओं से की मुलाकात

टिकटार्थियों ने समर्थकों संग पहुंच किया शक्ति प्रदर्शन, पेश की दावेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड में चुनावी हलचल तेज हो गयी है। शुक्रवार को कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने हजारीबाग जिले के साथ रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिले के सभी विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले इच्छुक नेताओ से मुलाकात की। बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गयी। जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ंकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान पहुंचे। गिरीश चौडंकर गोवा, प्रकाश जोशी उत्तराखंड के हैं और पूनम पासवान बिहार की रहने वाली है। गिरीश चौडंकर को ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी का पद भार भी पार्टी ने सौंपा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी अपनी तैयारी में जुट गयी है। सर्किट हाउस में स्क्रीनिंग कमेटी ने हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ और कोडरमा जिला में पड़ने वाले सभी विधानसभा के दावेदार से उन्होंने संवाद किया है। इस दौरान कई कार्यकर्ता से भी दावेदारों का फीडबैक लिया है। बताया जाता है कि इस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद एक रिपोर्ट पार्टी को सौंपा जायेगा। जो प्रबल दावेदार होंगे उसे उम्मीदवार बनाया जायेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सर्किट हाउस में सुबह से ही जमे रहे। यह बताने की कोशिश की गयी उनसे अच्छा और प्रबल दावेदार दूसरा कोई नहीं है। इस दौरान टिकट के दावेदार अपने समर्थको संग सर्किट हाउस पहुंच अपनी ताकत का भी प्रदर्शन किया। पिछले महीने के 28 अगस्त तक सभी दावेदारों ने जिला अध्यक्ष को आवेदन दिया था, इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गयी है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक चुनाव को लेकर सबसे महत्वपूर्ण और पहली बैठक है। यहीं से उम्मीदवारों की रूपरेखा तय होती है। आलाकमान जिसे प्रबल दावेदार मानेगी उसे उम्मीदवार बनाया जायेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों ने टिकट के दावेदारों से विधानसभा क्षेत्र और उनके पार्टी के प्रति क्रिया कलाप को भी जाना है।

मुन्ना सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष दावेदारी पेश की

हजारीबाग। झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर, कांग्रेस पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य गिरीश चोड़नकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान के समक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने सर्किट हाउस, हजारीबाग में कमेटी के सदस्यों से औपचारिक मुलाकात की और हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की। मुन्ना सिंह ने कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरी बातों को सुना। हजारीबाग के विकास के लिए मेरा संकल्प अडिग है, और मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं का भी आभार प्रकट करता हूं जो मेरे साथ मजबूती से खड़े हैं। आपके समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे ले जाऊंगा। मुन्ना सिंह विगत एक दशक से अधिक समय से हजारीबाग में एक समाजसेवी के रूप में सक्रिय हैं और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता विशेषकर युवाओं के बीच काफी है। उन्होंने जनता के कल्याण के लिए कई परियोजनाओं को बढ़ावा दिया है और अपने जमीनी कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उनके समर्थन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक सर्किट हाउस पहुंचे, जिससे उनकी दावेदारी को और मजबूती मिली। इस मौके पर कांग्रेस के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

आजसू पार्टी की प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न

चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। आजसू पार्टी बड़कागांव प्रखंड कमेटी का बैठक आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के आवास गुरु चट्टी बड़कागांव मे किया गया। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा और संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 22 सितंबर 2024 को बड़कागांव +2 हाई स्कुल के फुटबॉल मैदान मे आजसू पार्टी के द्वारा आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सह शपथ ग्रहण समारोह को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के हर पंचायत से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनायी गयी। मौके पर उपस्थित केंद्रीय सचिव नागेश्वर तूरी ने कहा कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन बड़कागांव विधानसभा के लिए ऐतिहासिक होगा। वहीं पार्टी के केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि स्थानीय विधायक और झारखंड सरकार के खिलाफ 22 सितंबर को सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हुए बड़कागांव से आजसू पार्टी और झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प लेंगे। मौके पर नागेश्वर तुरी, लखन साव, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, तापेश्वर कुमार तापस, तुलेश्वर महतो, रामचंद्र साहू, दिनेश महतो, राजेश महतो, तुलेश्वर राम, घनश्याम मेहता, गीरेंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, सुनील कुमार, अर्जुन कुमार, जावेद हुसैन इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

रेलवे ओवर ब्रिज पर काम करने के दौरान गिरकर मजदूर की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झराही स्थित कोडरमा रजौली रेलवे लाइन के निमार्णाधीन पुल में काम करने के दौरान गिरने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अनिल यादव (उम्र 23 वर्ष, गोमिया) निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार झराही में रेलवे ओवर ब्रिज पुल के निर्माण में ऊपर चढ़कर काम करने के दौरान अचानक नीचे गिर जाने से मौत हो गयी। घटना के बाद मजदूर उसे सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिजली बिल माफी में बिचौलियों का शिकार नहीं हों उपभोक्ता: एसडीओ

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा 31 अगस्त 2024 तक 200 ङ्क तक के सभी बिजली उपभोक्ता को बिजली बिल माफ कर दिया गया है। माह अगस्त 2024 तक नहीं देना होगा बिजली का बकाया बिल सहायक विद्युत अभियंता कृष्णदेव प्रजापति ने बताया कि बिजली बिल माफी के लिए मुख्यमंत्री खुशहाल योजना चलायी जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना है बिल्कुल निःशुल्क है यदि कोई बिजली उपभोक्ता से माफी के नाम पर या ऊर्जा मित्र बनकर पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी बिजली ऑफिस में संपर्क कर जानकारी दे और किसी भी तरह के भुगतान करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। किसी के पास मीटर नही है तो मीटर लगा लेंगे अन्यथा बिजली चोरी के मामले में प्राथमिक दर्ज की जायेगी उन्होंने यह भी बताया की अगले हफ्ते झरपो बिजली सबस्टेशन का उद्घाटन किया जा सकता है।

हेल्थ यूनिट भवन निर्माण में भारी अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। केरेडारी सीएचसी परिसर में बने हेल्थ यूनिट भवन निर्माण में संवेदक के द्वारा घोर अनियमितता बरता गया हैं। यहां संवेदक के द्वारा पुरा भवन के सीलिंग में बिना प्लास्टर कराये पेंट करा कर पूरी राशि निकालने की तैयारी के जुट गया हैं। इसके अलावे खिड़कियों के दीवार में दरारें पड़ने लगी। खिड़कियों के दीवार के दरारें संवेदक के द्वारा भवन निर्माण के कार्य में गुणवत्ता युक्त मेटेरियल की उपयोगिता की पोल खोल दी हैं। सीएचसी भवन के निर्माण में बरती गयी लापरवाही पर सीएचसी प्रबंधन ने नाराजगी जाहिर की हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य कराने पर ही भवन को हैंड ओवर लेने की बात कहा। इस पर सीएचसी प्रभारी नफीस अंजुम ने कहा की भवन निर्माण के दौरान संवेदक के द्वारा काफी लापरवाही बरता गया हैं। भवन के सीलिंग में बिना प्लास्टर किये सिर्फ रंगाई कर दिया गया हैं। 2 हजार लीटर के टंकी के जगह में मात्र 1 हजार लीटर का टंकी लगाया गया हैं। दरवाजा भी मजबूत नही लगाया गया हैं। खिड़की में खाना पूर्ति के लिए बाहर से कील पर जाली लगाया गया हैं। इन्होंने हजारीबाग उपायुक्त से कार्य के गुणवत्ता को जांच कराने का मांग किये हैं।

49 लाख की लागत से बनाया जा रहा है भवन

केरेडारी सीएचसी हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य डीएमएफटी मद से लगभग 49 लाख रुपये के लागत से संजय कंट्रक्सन के द्वारा किया जा रहा हैं। योजना में लगभग आधा से अधिक राशि का निकासी कर लिया गया हैं। छत के सीलिंग में प्लास्टर नही करने के संबंध में संवेदक संजय कुमार ने कहा की सीलिंग का प्लास्टर जल्द ही उखड़ने लगता हैं जिस कारण नहीं किये। वहीं योजना में 20 प्रतिशत लेश करके मिला हैं जिससे काफी नुकसान हुआ हैं।

योजना के गुणवत्ता का जांच करायेंगे आशीष आनंद: भवन निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर स्कुटीव इंजीनियर आशीष आनंद ने कहा की कार्य में लापरवाही बरतने की सूचना मिली हैं। संवेदक के कार्यों का बारीकी से जांच किया जायेगा। काम में लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।

अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। जिले में हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना में बीती रात चंदवारा थाना अंतर्गत टोल टैक्स के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ट्रेलर वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिहार के गया निवासी रविंद्र कुमार (उम्र 35 वर्ष, पिता शिव कुमार पासवान) के रूप में हुई है। रविंद्र कुमार टोल टैक्स के समीप अपने वाहन को खड़ा कर बाजार की तरफ जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिसमें उनकी मौके पर मौत हो गयी। जबकि दूसरी घटना तिलैया थाना क्षेत्र के महतो अहरा के समीप हुई है। बीती रात लगभग 10 बजे साइकिल से अपने घर जा रहे उमेश यादव (उम्र 40 वर्ष, पिता सुखदेव यादव) को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें उनकी मौत हो गयी। मृतक गुमो खरीटांड़ के रहने वाले थे। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

सड़क हादसे में चार लोग घायल

कोडरमा। कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी में शुक्रवार की सुबह किसी वाहन की टक्कर से स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रत हो गई। घटना में कार पर सवार 4 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पटना निवासी सोनू कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता दीनानाथ राय), कौशल कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता उपेंद्र सिंह), राहुल कुमार (उम्र 25 वर्ष, पिता सुनील प्रसाद), शत्रुघ्न सिंह (उम्र 25 वर्ष, पिता उपेंद्र राय) के रूप में हुई है। घायलों का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है। कार सवार युवक पटना से रजरप्पा जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा घाटी मे पीछे से किसी वाहन ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दिया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

राजस्व कागजात में छेड़छाड़ के आरोप में विष्णुगढ़ अंचल के प्रधान लिपिक को किया गया निलंबित

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अंचल कार्यालय विष्णुगढ़ में प्रभारी प्रधान लिपिक धर्मेंद्र कुमार द्वारा गैरकानूनी तरीके से राजस्व कागजात पंजी 2 से छेड़छाड़ करने के आरोप में उपायुक्त नैंसी सहाय ने तत्काल उक्त कर्मी को निलंबित कर दिया है। धन्मेंद्र कुमार द्वारा राजस्व कागजात पंजी 2 में एक नया पृष्ठ रखकर (मौजा: बादी खरना, थाना संख्या:227 अंर्तगत खाता संख्या: 21, प्लॉट नं:576, रकबा: 43डी पर गैरकानूनी तरीके से नई जमाबंदी कायम करने का प्रयास किया जा रहा था। अंचल कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज में धन्मेंद्र कुमार के साथ अन्य दो व्यक्तियों जिनकी पहचान शैलेंद्र कुमार सिंह और विजेंद्र कुमार सिंह के रुप में उजागर हुई है साथ ही इनकी संलिप्तता पाई गयी है। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच दल गठित करते हुए विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उच्चवर्गीय लिपिक,अंचल कार्यालय विष्णुगढ़ पर प्रथम दृष्टया में आरोपी पाये जाने के आधार पर झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली 2016 के नियम 9 (1) (क) (ग) के तहत इन्हें विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय से तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए प्रखंड कार्यालय चलकुशा मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

बीएड कॉलेज में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कर्मा और राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के मौके पर कार्यक्रम किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा की हिंदी, हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल एक भाषा है, बल्कि एक ऐसा पुल है जो हमें हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य से जोड़ता है। साथ हीं उन्होंने पुरे प्रदेशवासियों को कर्मा पूजा की शुभकामनायें भी दी। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद आदि उपस्थित थे।

पताल पंचायत में शिविर का आयोजन

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पताल पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने अपनी समस्यायों को अधिकारीयों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में जीसेलपीएस के तहत फूलो झानो योजना में दी दीदी को दस-दस हजार रुपये, सीसीएल योजना के तहत तिन सखी मंडल के बिच कुल सात लाख पचास हजार रुपये और सीआइएस के तहत 9 सखी मंडल के बिच कुल चार लाख पचास हजार रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जबकि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पांच बालिकाओं को ढाई हजार रुपये प्रदान किये गये। इस शिविर में अबुआ आवास योजना के 155, मंईयां योजना के तहत 65, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना के 5 जबकि अन्य योजनाओं के 278 सहित कुल 503 आवेदन जमा हुए। इस कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद, केरेडारी बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामरतन कुमार बर्णवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

आइसेक्ट विवि में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आइसेक्ट विश्वविद्यालय व टाइटन आई प्लस के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं, कर्मियों व विद्यार्थियों समेत करीबन 80 लोगों के आंखों की जांच टाइटन आई प्लस की ओर से आए कुमारी मुस्कान, राहुल प्रजापति व दीपक कुमार ने की और उचित परामर्श भी दिये। आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस मौके पर कहा कि दरअसल आंख शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसकी देखभाल भी बेहद जरूरी है। इसलिए वर्ष में कम से कम एक बार आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि नेत्र गंभीर रूप से ग्रसित होने से इलाज में कठिनाइयां होती है। इसलिए नेत्र रोग की छोटी से छोटी परेशानियों को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए अन्यथा भविष्य में गंभीर नेत्र रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। टाइटन आई प्लस के स्टोर मैनेजर राहुल पुरवार ने बताया कि टाइटन आई प्लस की ओर से शैक्षणिक संस्थानों व अन्य जगहों पर जांच शिविर का आयोजन समय-समय पर कराया जाता है ताकि आंखों को लेकर लोगों में जागरूकता आये और लोग अपनी आंखों की सही देखभाल कर सके। नेत्र जांच शिविर को सफल बनाने में एचआर राज कुमार तिवारी, एआर अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मनसा पूजा को लेकर निकाली कलश यात्रा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में मां मनसा पूजा को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाला गया, यात्रा का शुभारंभ लाल पीले वस्त्रों में सजी धजी देवी स्वरूपा माताएं और बहनों को कलश देकर जल आचमन के लिए विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, जीप सदस्य कुमकुम देवी 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने विदा किया ततपश्चात सम्पूर्ण ग्राम भ्रमण करते हुए सभी उत्तरवाहिनी बरसोती नदी से जल भरकर पुनः नगर भ्रमण करते हुए मंडप स्थल पर कलश स्थापित किया। पूजा समिति ने जानकारी दी है कि इस पूजा के अवसर पर 17 सितंबर को संध्या महाप्रसाद का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकी 18 सितंबर को सार्वजनिक मेला और संध्या मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलशयात्रा में प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, मुखिया चिंता देवी, पंचायत समिति गुड़िया देवी, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, मनोहर चौधरी, रीतालाल चौधरी, किशोरी चौधरी, मधुसूदन प्रसाद, दुर्गा चौधरी, अशोक रविदास, द्वारिका महतो, दिनेश यादव, हीरालाल प्रसाद, बैजू महतो, चूरामन महतो, लेखराज प्रसाद, सूर्य कुमार, सुरेश कुमार, भुनेश्वर प्रसाद, पुरुषोत्तम कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए ।

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

करम पर्व की बधाई

रांची 14 सितंबर, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 325, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

पेज 01 का शेष

विधायक-मंत्री को ये लोग ऐसे ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका आशीर्वाद बना रहेगा, तो ऐसे ही आने वाले समय में और कल्याणकारी योजनाएं आयेंगी। हमारा ये लक्ष्य है कि आनेवाले पांच साल में हम एक-एक लाख रुपये आप तक पहुंचायें। पहले विपक्ष वाले लोग सब अपनी जेब में भर लेते थे। हम लोग अधिकार मांगते हैं, तो जेल भेज देता है। हम ना जेल से डरे हैं, ना गोलियों से डरे हैं। ये झारखंड है। भगवान बिरसा मुंडा की धरती है। सिदो-कान्हू की धरती है। विनोद बिहारी महतो की धरती है। आपका आशीर्वाद बना रहे हम लोग विजयी होते रहेंगे। ये लोग सरकार गिराने में लगा हुआ है। कभी विधायक खरीदता है, कभी मंत्री खरीदता है। विधायक-मंत्री को तो ऐसे खरीदता है, जैसे सब्जी खरीदता हो। इनके पास गरीबों को देने के लिए पैसा नहीं है। महिलाओं को देने के लिए पैसा नहीं है। बड़े-बड़े व्यापारियों का कर्जा माफ करने का पैसा इनके पास है।

सरकार की उपलब्धियों को गिनाया: मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की पांच साल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने 200 यूनिट मुफ्त बिजली, मंईयां सम्मान योजना, बालिकाओं की शिक्षा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, पेंशन योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। इस मौके पर बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ 44 लाख हजार रुपये की 733 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 431 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच लगभग 342 करोड़ 90 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ। इस मौके पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, इरफान अंसारी व मंत्री बेबी देवी, विधायक लंबोदर महतो और कुमार जयमंगल सिंह और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

झारखंड में छह घंटे रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

15 सितंबर को जमशेदपुर में आधे घंटे का रोड शो

वंदे भारत ट्रेन और आवास योजना की पहली किस्त की देंगे सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आयेंगे। वह जमशेदपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त हस्तांतरित करेंगे। प्रधानमंत्री गोपाल मैदान में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सभा में भी शामिल होंगे। इस दौरान उनका रोड-शो भी होगा। प्रधानमंत्री झारखंड में लगभग छह घंटे रहेंगे।

सुबह 8.45 बजे प्रधानमंत्री पहुंचेंगे रांची

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को सुबह 8:45 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। फिर सोनारी हवाई अड्डा से टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। साथ ही 21 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर में उनका आधे घंटे का रोड-शो होगा। रोड शो करते हुए प्रधानमंत्री गोपाल मैदान पहुंचेंगे। वहां सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद हेलीकॉप्टर से दोपहर 1:45 बजे रांची लौटेंगे। यहां से अहमदाबाद चले जायेंगे।

तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा

प्रशासनिक और भाजपा के स्तर पर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर आतंकवाद निरोधी दस्ते की हीट टीम के अलावा 3000 से अधिक पुलिस अफसरों और जवानों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा हर स्तर पर अलग-अलग टीमों को तैनात किया जायेगा। भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता रोड-शो और सभा की तैयारी को लेकर जुटे हुए हैं।

177 दिन बाद जेल से बाहर आये केजरीवाल, कहा

मैं सही था इसलिए भगवान ने साथ दिया

सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआइ केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को जमानत मिल गयी। केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर आ गये। जेल से निकलने के बाद केजरीवाल ने कहा कि मैं सही था इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। जेल से बाहर आकर मेरी ताकत 100 गुना बढ़ गयी। उधर, अदालत ने केजरीवाल को जमानत के लिए वही शर्तें लगायी हैं, जो प्रवर्तन निदेशालय (इडी) केस में बेल देते वक्त लगायी गयी थीं।

गौरतलब है कि केजरीवाल के खिलाफ इडी और सीबीआइ ने केस दर्ज किया है। इडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। इडी ने उन्हें 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में 26 जून को सीबीआइ ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था। दो जजों की बेंच जमानत पर एकमत, लेकिन गिरफ्तारी पर अलग राय है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पहले से हिरासत में है। जांच के सिलसिले में उसे दोबारा गिरफ्तार करना गलत नहीं है।

सीबीआइ ने बताया है कि उनकी जांच क्यों जरूरी थी। याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। सीबीआइ ने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्हें जांच की जरूरत थी। इसलिए इस केस में गिरफ्तारी हुई। वहीं,जस्टिस उज्जवल भुइयां ने कहा कि सीबीआइ की गिरफ्तारी जवाब से ज्यादा सवाल खड़े करती है। जैसे ही इडी केस में उन्हें जमानत मिलती है। सीबीआइ एक्टिव हो जाती है। ऐसे में गिरफ्तारी के समय पर सवाल खड़े होते हैं। सीबीआइ को निष्पक्ष दिखना चाहिए और हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए ताकि गिरफ्तारी में मनमानी न हो। जांच एजेंसी को पिंजरे में बंद तोते की धारणा को दूर करना चाहिए।

नाजुक दौर से गुजर रहा है हमारा देश: केजरीवाल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जेल से निकल कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रोड-शो किया। उन्होंने ने कहा कि आज हमारा देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। केजरीवाल तो बहुत छोटी चीज हैं। केजरीवाल महत्वपूर्ण नहीं हैं, देश महत्वपूर्ण है। कुछ राष्ट्रविरोधी ताकतें देश को अंदर से कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। वे देश को बांटने और न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। चुनाव आयोग को कमजोर करने की कोशिश, इडी और सीबीआइ पर कब्जा किया जा रहा है। हमें ऐसी ताकतों से लड़ना होगा। मैं हमेशा इन ताकतों से लड़ता रहा हूं और भविष्य में भी ऐसा करता रहूंगा। मेरा शेष जीवन इसका प्रत्येक क्षण और मेरे खून की प्रत्येक बूंद मेरे देश के लिए समर्पित है।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए बच्चे

बीपीओ की लापरवाही उजागर बीडीओ ने लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

कुंदा/चतरा। प्रखंड के नवादा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, अंचलाधिकारी शंभू राम, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में अबुआ आवास, मईया सम्मान पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, कृषि विभाग, गव्य विकास, मनरेगा योजना, फसल बीमा, जाब कार्ड, महिला सखी मंडल के बीच ऋण वितरण, समेत कई योजनाओं का आवेदन पत्र जमा लिया गया। शिक्षा विभाग के बीपीओ महेंद्र प्रसाद की घोर लापरवाही के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे शिविर में नहीं पहुंच पाये। जिससे शिविर में बच्चों को पठन पाठन का सामग्री नही मिल पाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने बीपीओ महेंद्र प्रसाद को फटकार लगाते हुए बच्चों को विद्यालय में सामग्री बांटने का आदेश दिया।

कचरा डंपिंग यार्ड से हो रहे प्रदूषण का ग्रामीणों ने किया विरोध, काम रोका

छावनी परिषद और नगर परिषद के ट्रैक्टर सड़क पर फेंक रहे कचरा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर का वातावरण कचरा डंपिंग यार्ड में कार्यरत ठेकेदार और कर्मचारियों की लापरवाही से प्रदूषित हो रहा है। लगभग एक दर्जन गांवों में न सिर्फ शहर का कचरा फैल रहा है, बल्कि मुर्रामकला इलाके में कचरे की बदबू से लोगों का बुरा हाल है। जब अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की शिकायत पर पहल नहीं की तो अंततः ग्रामीणों को भी सड़क पर उतरना पड़ा। शुक्रवार को मुर्रामकला और आसपास के कई गांव के लोगों ने कचरा डंपिंग यार्ड में कचरा फेंकने पर प्रतिबंध लगा दिया। डंपिंग यार्ड के पास मुख्य मार्ग पर ही ग्रामीण खड़े हो गये और ट्रैक्टरों को

ठेकेदार अंदर घुसकर कचरा फेंकने से करते हैं मना

ट्रैक्टर से कचरा फेंकने आए नगर परिषद और छावनी परिषद के कर्मचारियों ने कहा कि सड़क पर कचरा फेंकना उनकी मजबूरी है। उन्होंने बताया कि कचरा डंपिंग यार्ड से कचरा को दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है। जिस कंपनी को यह यह कार्य सौंपा गया है, उसके कर्मचारी और पदाधिकारी छावनी परिषद और नगर परिषद के सफाई कर्मचारी पर अंदर घुसकर कचरा नहीं फेंकने की बात करते हैं। वह कहते हैं कि ज्यादा अंदर जाने से उनका कास्ट बढ़ेगा और वह अंदर से कचरा उठाकर नहीं लेकर जायेंगे। वे लोग सड़क के किनारे ही कजरा फेंकने को कहते हैं।

अंदर घुसने से मना कर दिया। ग्रामीणों का कहना था की छावनी परिषद और नगर परिषद के द्वारा कचरा डंपिंग यार्ड चिन्हित की गयी है और उसमें अंदर घुसकर कचरा फेंकने का प्रावधान है। लेकिन ठेकेदार और कर्मचारी काफी लापरवाही व्रत रहे हैं, और कचरे को सड़क के किनारे ही फेंक दे रहे हैं। जिसकी वजह से वहां का माहौल काफी खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों के द्वारा मरे हुए मवेशियों को भी खुले में सड़कों के किनारे ही फेंक दिया जा रहा है। जिससे महामारी फैलने के भी संभावना है। विरोध करने वालों में तेजपाल महतो, होरिल चौधरी, मिथुन कुमार, विक्की बेदिया, लखेन्द्र महतो, तिलेश्वर बेदिया, सुरेंद्र महतो, सुरेश महतो, बैजनाथ महतो, भूतनाथ महतो, सत्येंद्र करमाली, महेश महतो, शंकर बेदिया, महेंद्र बेदिया, बलदेव महतो, जुगल महतो, मुकेश मुंडा, दिलीप ओहदार, विनोद ओहदार सहित अन्य लोग शामिल थे।

बालिका उच्च विद्यालय कुजू में मना करम महोत्सव

कुजू (आजाद सिपाही)। बालिका उच्च विद्यालय कुजू में झारखंड की संस्कृति -प्रकृति से जुड़ा करम महोत्सव छात्राओं ने उत्साह पूर्वक मनाया। साथ ही, छात्राओं ने करम उत्सव से जुड़ी बातो को रखा। साथ ही, छात्राओं ने अलग-अलग ग्रुप में आकर्षक करम झूमर की प्रस्तुति की। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक शिशुपाल महतो, भुवनेश्वर महतो, बबीता कुमारी, सुमन कुमारी, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, किरण कुमारी, रामनरेश शर्मा, रीना कुमारी, तनुजा, उमा, रोशनी, सुप्रिया, पायल, साधना, परी, डोली, जिया शामिल रहे।

विधायक अंबा की उपस्थिति में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पालू पंचायत के किरीगढ़ा में कांग्रेस पार्टी का मिलन समारोह के आयोजन में दूसरे दलों के सैकड़ो महिलाओं और पुरुषों ने विधायक अंबा प्रसाद के विकास नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने सभी लोगों को अंग वस्त्र प्रदान कर सभी को कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, इमरान अंसारी, हरिदास साव सहित कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

केशरवानी वैश्य सभा, कुजू ने महर्षि कश्यप का मनाया जयंती समारोह, निकाली शोभा यात्रा

कुजू (आजाद सिपाही)। नगर केशरवानी वैश्य सभा कुजू के तत्वावधान में वन विभाग कार्यालय प्रांगण कुजू में कुलगौत्राचार्य महर्षि कश्यप की जयंती समारोह मनायी गयी। साथ ही, भव्य आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गयी। आयोजित शोभा यात्रा देवीमंडप चटनिया, कुजू बस्ती, कुजू चौक, पूराना बाजार होते हुए वन विभाग कार्यालय मंदिर समारोह कार्यक्रम स्थल पहुंचे। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला केशरवानी वैश्य सभा अध्यक्ष किशोरीलाल केशरी, नगर अध्यक्ष अमित केशरी, कुजू ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय केशरी, गणेश केशरी उर्फ चंदू केशरी, तपेश्वर केशरी द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित केशरी व संचालन ओमप्रकाश केशरी ने किया। समारोह के दौरान मौजूद अतिथियों ने महर्षि कश्यप की चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। अतिथियों ने कहा कि यह समारोह का उद्देश्य क्षेत्र के केशरवानी वैश्य के लोगों को एकजुटता करना है। उन्होंने समाज के महिलाओं के उत्थान पर अपनी-अपनी बातों को रखा। सभा के दौरान छोटे छोटे बच्चों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम किया। समारोह को सफल बनाने मे संतोष केशरी, रितेश केशरी, अनिल केशरी, ओमप्रकाश केशरी, पंकज केशरी, तपेश्वर केशरी, मिंटू केशरी, रघुनंदन केशरी, रवि केशरी, कन्हैया केशरी ,पिंटू केशरी, अर्जून केशरी, गणेश केशरी, सुनील केशरी, मदन केशरी, राजा केशरी, रघुवीर केशरी, इन्द्र केशरी, रामचन्द्र केशरी, दशरथ प्रसाद केशरी, परमेश्वर केशरी, चंदन केशरी, अजय केशरी राजेन्द्र केशरी, सुरेन्द्र केशरी, बहादुर केशरी, सोनू केशरी, राजदीप केशरी समेत केशरवानी समाज के लोग शामिल रहें ।

जेएसपी पतरातू में स्वास्थ्य जांच शिविर

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जेएसपी पतरातू में जिंदल फाउंडेशन के द्वारा कैंसर जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की डॉ मनीषा, डॉ जानकी, डॉ आरती, मुकुल घोष, टेक्नीशियन पंकज कुमार, भूपेंद्र कुमार, प्रियंका मिंज, शिल्पा संगम के द्वारा कैंसर से बचाव, उसकी पहचान और इलाज की विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। शिविर में उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा मुंह, बच्चेदानी और स्तन कैंसर के बारे में जांच और जानकारियां दी गयी। कहा गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के प्रति समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरूक करना था। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए समाज के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण मानती है। कहा गया कि इनके मार्ग-दर्शन में बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए जिंदल फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है। शिविर में 100 से अधिक महिला और पुरुषों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी उचित जानकारी प्राप्त किया। शिविर में सीएसआर विभाग की डॉ मंजू मिश्रा, डॉ दिलीप कुमार ने भी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दिया ।

माया टुंगरी में होनेवाले विशाल करम महोत्सव की तैयारी पूरी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। माया टुंगरी में किसान सहयोग समिति रामगढ़ के द्वारा विशाल करम महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के झूमर सम्राट श्री नरहरि महतो के टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जायेगा। झूमर प्रतियोगिता और जावा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले झूमर टीम और जावा टीम को किसान सहयोग समिति के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस करम महोत्सव को मनाने के लिए आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक दामोदर महतो, संरक्षक सदस्य झलकदेव महतो, चिंतामनी पटेल, योगेंद्र कुमार(झरी महतो), मनोज (नारायण) महतो, पवन कुमार महतो, सुदर्शन महतो, सुरेश महतो और मुरलीधर कोठारी शामिल है। जबकि अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, सचिव ओम प्रकाश महतो, कोषाध्यक्ष देवानन्द महतो, उपाध्यक्ष अनिल पटेल, सह सचिव धनंजय महतो, सह कोषाध्यक्ष अनिकेत ओहदार को चुना गया।

मांडूडीह पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांच लाभुकों से की बात, लाभुकों ने सरकार को दिया धन्यवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। प्रखंड अंतर्गत मांडूडीह पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समहार्ता कुमारी गीतांजली मौजूद थी। मौके पर उन्होंने स्कूली छात्र छात्रों के बीच साइकिल और मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच प्रशस्ति पत्र, अबुआ आवास, पशु धन योजना और स्कूली छात्रों के बीच साईकिल का वितरण किया। वहीं ग्रामीणों ने अबुआ आवास, पशु धन योजना,प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा, फसल बीमा, पेयजल, लगान, म्यूटेशन, केसीसी व समाज कल्याण के लिए आवेदन किया, जिसे

उपस्थित पदाधिकारी ने ऑनलाइन आवेदन दर्ज किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीरेन्द्र कुमार, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, सीडीपीओ शैल बाला, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विमल कुमार बेदिया, मुखिया बैजनाथ राम, उप मुखिया सीता देवी, पंसस किरण देवी, नवरत्न कुमार, अर्जुन महली, बिनीता सिंह, अर्जुन राम, परमेश्वर शर्मा, मोहन सिंह बग्गा, धनु साव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने लाभुकों से की बात : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पंचायत के विभिन्न योजनाओं के लाभुकों से बात की। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास के लाभुक देवंती देवी, रोजगार सृजन योजना के लाभुक पिंकी बेसरा, मुख्यमंत्री पशु धन योजना कुलदीप कुमार, मंईयां योजना के लाभुक बेबी देवी, सावित्री देवी और पंचायत के मुखिया से बात की। इसके पश्चात सभी लाभुकों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

मातृ वंदना के स्टॉल में महिला की हुई गोद भराई : मांडूडीह पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मातृ वंदना स्टॉल पर महिलाओं की गोद भराई की गयी। मौके पर छोटे-छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारी ने महिलाओं से कहा कि सरकार नारी उत्थान को लेकर कृत संकल्पित है। झारखंडी महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार कई योजना चल रही है। जिसका लाभ सभी लोग ले रहे हैं।

गणेश महोत्सव में झांकी आयोजित

टंडवा (आजाद सिपाही)। स्थानीय चुंदरू धाम स्थित सूर्य मंदिर परिसर मे गणेश महोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी के मां चन्द्रिका झांकी एण्ड इवेन्ट ग्रुप के कलाकारो ने दर्शकों को भक्तिसागर में डुबोया। इस दरम्यान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति में देवी देवताओं के जीवंत झांकी में दर्शकों को खुब झुमाया । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गयी। तत्पश्चात कलाकारों में पार्वती के किरदार मे साक्षी वर्मा, बजरंग बलि के रूप मे सुमित पान्डेय, राधा के रूप में नेहा वर्मा भगवान भोलेनाथ के रूप में सन्नी महाराज ने जीवंत झांकी व नृत्य प्रस्तुत कर प्रशंसा बटोरी । कार्यक्रम का निर्देशन राजेश वर्मा व संचालन बच्चा केशरी ने की। इसे पूर्व गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष सरोज गुप्ता, सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष छोटन पासवान, उपेन्द्र पान्डेय, गोला दास, अर्जुन दास, पूर्व मुखिया राजेन्द्र नायक, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता, अनिल दास, प्रमोद वर्मा,अशोक ठाकुर आदि ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

रजरप्पा में करम महोत्सव का आयोजन

रजरप्पा में ढोल-मांदर के थाप पर सांसद चंद्रप्रकाश और विधायक सुनीता चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित डी एभी स्कूल ग्राउंड में प्रखंड स्तरीय करमा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी और मांडू प्रमुख चंद्रमणि देवी शामिल हुई, मुख्य अतिथि द्वारा करम महोत्सव का उद्घाटन विधिवत रूप से किया, तत्पश्चात उन्होंने करम महोत्सव में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने कहा कि झारखंड का सबसे बड़ा लोकप्रिय त्यौहार करमा महोत्सव है इसे बड़ी ही भव्य पैमाने पर मनाया जाना चाहिए यह हमारा पूर्वजों का

देन है, जिसे पूरा झारखंड के ग्रामीण बड़े स्तर पर्व को धूमधाम से मनाते हैं हर गांव में अखाड़ा पर भादो एकादशी तिथि को करम डाली गाड़ते है, जावा जगाते है, गांव की महिलाएं और बालाएं अपने भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए करमा त्यौहार करते हैं, इस अवसर पर डीएभी स्कूल के मैदान का अखाड़ा में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ढोल मांदर बजाए और खूब नाचे गये रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी ने भी महिलाओं के साथ हाथ से हाथ जोड़ कर नृत्य और गीत में खूब झूमे नाचे और गये। इस अवसर पर सांसद और विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को कम त्यौहार की शुभकामनाएं दी इस मौके पर रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी मुकेश सिंहा, अशोक बेदिया, शिवलाल महतो, देवंती देवी, सुशील देवी, टूसील देवी, मनोरमा देवी, नीलम देवी, शांति देवी, आशा देवी, बबिता देवी, पूनम देवी, अंकिता देवी, नीतू देवी, प्रमिला देवी, रजनी राज, लाली देवी, दशरथ महतो, अरविंद सिंह, मुखिया, रंजीत महतो सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

दसलक्षण पर्व के छठे दिन की गयी 'उत्तम संयम धर्म' की पूजा

प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है...

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में शुक्रवार को दसलक्षण पर्व के छठे दिन 'उत्तम सयंम धर्म' की पूजा विधि विधान के साथ की गयी। सर्व प्रथम श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक करने का सौभाग्य योगेश सेठी, निशा सेठी, सुभाष सेठी, राजकुमार काला, ऋषभ काला, विनय जैन मिथलेश जैन, अमराव देवी पाटनी, मानिक चंद पाटनी और श्री पारसनाथ

जिनालय में राजीव जैन और शांतिधारा करने का अशोक काला, अमित काला और राजीव जैन को मिला। वही, गुरुवार की देर शाम रांची रोड जिनालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है...: पंडित श्री रमेश जैन शास्त्री, राजेश जैन व पंकज जैन ने उत्तम संयम धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है। स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण (दमन, कन्ट्रोल) करना इन्द्रिय-संयम है। पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है इन दोनों संयमों में इन्द्रिय संयम मुख्य है क्योंकि इन्द्रिय संयम प्राणी संयम का कारण है, इन्द्रिय संयम होने पर भी प्राणी संयम होता हैं, बिना इन्द्रिय संयम के प्राणी संयम नहीं हो सकता। परंतु इन्द्रियां अपने-अपने विषयों की ओर आत्मा तो आकृष्ट (खींच) करके पथभ्रष्ट कर देती हैं, आत्मविमुख करके आत्मा को अन्य सांसारिक भोगों में तन्मय कर देती हैं, मोहित करके विवेक शून्य कर डालती हैं, जिससे कि साँसारिक आत्मा बाह्य-दृष्टि बन कर अपने फँसने के लिये स्वयं कर्मजाल बनाया करता है। इन्द्रियों का यह कार्य आत्मा के लिये दुख दायक है। मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया कि शनिवार को उत्तम त्याग धर्म की पूजा किया जायेगा।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन

हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निर्देश पर एक पखवाड़े से चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम का समापन उरैली पंचायत सचिवालय और तिलहेत पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कश्यप और सीओ सीताराम महतो के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना आपके गांव तक लाया गया है। इस योजना से आपको लाभान्वित होना है। सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में विभिन्न योजनाओं का पिटारा लेकर पहुंचा है। किसी भी योजना से लाभ लेने के लिए आवेदन जमा करें। इसके साथ ही बीडीओ ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। जिसमें मुख्यमंत्री अबुआ योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री मंईया योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना,जमीन से संबंधित शामिल है। अंचलाधिकारी सीताराम महतो ने भी प्रखंड वासियों को धन्यवाद दिया साथ ही सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को उरैली पंचायत के मुखिया संजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, तिलहेत पंचायत के मुखिया सोनी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र भारती सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कनीय अभियंता दीपक कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक मुखिया प्रतिनिधि श्रीराम यादव, उप मुखिया पिंटू कुमार मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर खधैया में कमेटी गठित

टंडवा (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा मनाने को लेकर खधैया मे विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता परमेश्वर महतो, और संचालन मनीष राणा ने किया। जिसमें दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष परमेश्वर महतो, सचिव देवनाथ महतो, कोषाध्यक्ष हरेंद्र राणा, उपाध्यक्ष रामदेव राणा, उपसचिव रामजतन ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष शंभू महतो, पूजा संचालक उत्तम सिन्हा और मुकेश राणा, उप संचालक मनीष राणा, पूजा क्षेत्र प्रभारी नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी चितरंजन कुमार, संरक्षक बंशी राणा, शुभम आदित्य, विजय राणा, पिंटू राणा, मोहन कुमार, सुधीर राणा, सुखदेव राणा, जवाहर महतो, राकेश महतो, सुबोध महतो, चेतलाल राणा, लखन महतो, अशोक महतो,पूजा व्यवस्थापक लखन राणा, दिलीप प्रजापति, छक्कन प्रजापति, पूजा पंडाल एवम लाइट प्रभारी विजय राणा तथा पूजा निगरानी समिति, कार्यकारिणी समिति रमेश महतो, कौशल महतो, गौतम महतो, महेंद्र साव, कौलेश्वर महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, सुधांशु सिन्हा, राजेश कुमार महतो, आयुष कुमार महतो, पंकज कुमार राणा, शुभम राणा, केशर महतो, एपी कुमार महतो, राहुल कुमार महतो कमलनाथ कुमार को बनाये गये ।

विनोबा भावे विवि इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में रामगढ़ कॉलेज बना विजेता

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रामगढ़ कॉलेज विजेता बना और गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह की टीम रनरअप रही। अतिथियों ने गोल्ड और सिल्वर मेडल पहनाकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। दोनों टीमों को ट्रॉफियां भी प्रदान की गई। शुक्रवार को हुए टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय से सुनील कुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ और डी एस डब्ल्यू मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्व कुलसचिव और पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ वीरेंद्र गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई दी। मौके पर डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी दृष्टि को आगे रखना है, क्योंकि ऊंचाइयों की कोई सीमा नहीं होती। हम चाहेंगे कि हमारे विद्यार्थी ऊपरी लक्ष्य पर नजर रखें। वही, अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ राहुल कुमार और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोज उरांव, मालिनी डीन और विजेता तिग्गा ने संयुक्त रूप से किया। डॉ आर वी पी देव, प्रो सरिता सिंह, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ कामना राय, प्रो रोज उरांव, दिलीप आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.9 ℃	24.0 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.54 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.54 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

पीएम ग्राम सड़क योजना ने बदल दी है गांव की जनता की जिंदगी: शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

- झारखंड में पीएम आवास के लिए केंद्र ने 187 करोड़ की राशि जारी कर दी है
- प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को मिल रहा स्थायी ठिकाना

रांची। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव की जनता की जिंदगी बदली है। पहले इस योजना का सपना था पक्की सड़क गांव तक पहुंचना, लेकिन मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हमारी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कारण लगभग 1 लाख 63 हजार गांव की बसाहटों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है और आगे इसके चौथे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस चरण में लगभग 25 हजार नयी बसाहट, नये गांव, 12 मासी सड़कों से जोड़े जायेंगे। 62 हजार 500 किलोमीटर सड़कें बनायी जायेंगी। 70 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों के निर्माण में खर्च की जायेगी। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री 2 करोड़ नये घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत झारखंड के लगभग 20 हजार लाभार्थियों को जमशेदपुर से स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे और इसके अतिरिक्त झारखंड में थोड़ा काम तेजी से होना चाहिए था, हमने लगातार प्रयत्न किये, क्योंकि 1 लाख 13 हजार से ज्यादा मकान झारखंड में बनने हैं। अभी तक वहां की सरकार ने औपचारिकता पूरी करने में धीमी गति से काम किया। केंद्र सरकार का लक्ष्य 1 लाख 13 हजार 195 को आवास आवंटित करना है। उसके लिए 187 करोड़ 79 लाख रुपये की राशि झारखंड को जारी की जा चुकी है। 16 सितंबर को प्रधानमंत्री जी गुजरात जायेंगे। गुजरात राज्य में पिछले 10 वर्षों में 6 लाख 50 हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी 54 हजार 135 आवास का लक्ष्य गुजरात को दिया गया है और 99 करोड़ 1 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री राज्य में 31 हजार लाभार्थियों के खाते में लगभग 93 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करेंगे और 35 हजार पूर्ण हो चुके मकानों में गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी होगा । 17 सितंबर को प्रधानमंत्री ओड़िशा के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का आयोजन करके पूरे देश के अलग-अलग, चार राज्यों को छोड़ कर, जिनमें झारखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और गुजरात में चुनाव है। इन चार राज्यों को छोड़ कर बाकी बचे हुए राज्यों में 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे और 3 हजार 180 करोड़ रुपये की पहली किस्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे लाभार्थियों के खाते में करेंगे।

2018 की आवास प्लस की सूची के अलावा ये जानकारी कई राज्यों से प्राप्त हुई और मांग भी आयी है कि कई पात्र हितग्राही शेष रह गये हैं। फिर एक बार आवासा प्लस 24 एप का भी अनावरण करेंगे, जो हितग्राही छूट गये हैं, उन्हें शामिल कर पक्का मकान आवंटन करना इसका उद्देश्य है।

राष्ट्रपति के दो दिनी दौरे को लेकर नो फ्लाई जोन घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची दौरा 19 और 20 सितंबर को प्रस्तावित है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची डीसी के निर्देश पर रांची में नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

राष्ट्रपति के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन और कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेगा। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत इलाके में नो फ्लाई जोन के अलावा अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाते हुए नो ड्रोन जोन घोषित किया है। ये निषेधाज्ञा 19 और 20 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी। 19 सितंबर को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, और राजभवन के मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

20 सितंबर को राष्ट्रपति के राजभवन से अरगोड़ा चौक, कडरू, राजेंद्र चौक, सदाबहार चौक और आइसीएआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंड्री एग्रीकल्चर नामकुम की 200 मीटर की परिधि तक नो फ्लाई जोन लागू रहेगा।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: (1) ई-निविदा सं. पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीएन-23-24-25 (2) कार्य का नाम: उप मुख्य इजी./कॉन/केक्यूआर के अतर्गत विभिन्न रेल लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में कोडरमा में कार्यालयों, अधिकारी विश्राम गृह का रखरखाव के कार्य और अन्य संबंधित आवश्यक कार्य। (3) अंकलित मूल्य (रू): 57,09,123.55 (4) निविदा प्रपत्र का लागत (रू): 0.00 (5) अग्रधन राशि (रू): 1,14,200.00 (6) कार्य पूर्ण करने की अवधि: 36 (छत्तीस) माह (7) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 03.10.2024 at 15:30 बजे अपराह्न। सी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे/महेन्द्रूघाट/पटना
पीआर/01114/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24-25/36

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

घुसपैठिया मामला: अपनी नाकामियों का ठीकरा कब तक दूसरों पर फोड़ेगी भाजपा : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने घुसपैठियों के मामले में हाइकोर्ट में दायर केंद्र सरकार के हलफनामे पर अब जवाबी हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के आधिकारिक हैंडल से शुक्रवार को एक ट्वीट किया गया है। इसमें कहा गया है, भाजपा की केंद्र सरकार मानती है, बांग्लादेशी घुसपैठिये हमारे देश में खुले बॉर्डर से आते हैं। बॉर्डर की ज़िम्मेदारी किसकी है बाबूलाल मरांडी जी? क्या यह भी हेमंत सोरेन जी के जिम्मे है या नेहरू जी के? भारत के लोग बॉर्डर तक बसे हैं। क्या इसके लिए भी झारखंड जिम्मेदार है? झामुमो ने आगे कहा है, अवैध बांग्लादेशी पूरे देश में जाते हैं, फिर सिर्फ झारखंडियों को क्यों निशाना बना रही है भाजपा? क्योंकि कितने बांग्लादेशी भारत आये हैं, उसका केंद्र के पास कोई आंकड़ा नहीं है! तो ये किसकी गलती है एक करोड़ी महोदय? झामुमो ने कहा, अब हम पूछना चाहते हैं कि केंद्र और भाजपा अपनी नाकामियों का ठीकरा आखिर कब तक दूसरों पर फोड़ेगी? चीन के सामने हथियार डाल दिया, पाकिस्तान बिरयानी खाने जाते हैं, नेपाल चीन से दोस्ती निभा रहा है और हमारा केंद्र हाथ पर हाथ धरे, घर का शेर बन इतरा रहा है।

सीएम बतायें, पांच वर्षों में कितने बलात्कारियों को हुई सजा : गीता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व सांसद एवं भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की बहन बेटियों पर लगातार खतरे बढ़ रहे। बेटियां आज असुरक्षित हैं और अपराधी बेलगाम हैं।

कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 7000 से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इनमें अधिकांश घटनाएं आदिवासी दलित समाज की बहन बेटियों के साथ घटी हैं। कहा कि चाहे रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या हो, या रुबिका पहाड़िया को 52 टुकड़ों में काट कर फेंकना। अपने घर में सोई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर उसे जला कर मारना या दारोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचल कर मार देना। ऐसे हजारों जघन्य अपराध पिछले पांच वर्षों में राज्य की महिलाओं की स्थिति को बताते हैं।

गीता कोड़ा ने कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्यजनक स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही।

कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला
अतिअल्पकालीन पुर्न ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
E-Tender Ref No- DOPR/DE/Gumla/02/2023-24
PR No-318901 Rural Development (23-24):D

क्रम	योजना का नाम	प्राक्कलितराशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि	परिमाणविपत्र का मूल्य	कार्यसमाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	बसिया प्रखण्ड के आरया में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09 माह
2	बसिया प्रखण्ड के कुम्हारी मेंस्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
3	बसिया प्रखण्ड के पंथा में स्वास्थ्य उप-केन्द्रभवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
4	भरनो प्रखण्ड के मारासिली में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
5	भरनो प्रखण्ड के पबेया में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
6	भरनो प्रखण्ड के रायकेरा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
7	विशुनपुर प्रखण्ड के चम्पाटोली में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
8	चैनपुर प्रखण्ड के बुकमा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
9	चैनपुर प्रखण्ड के सिविल में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
10	घाघरा प्रखण्ड के बारडीह में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
11	घाघरा प्रखण्ड के चामा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
12	घाघरा प्रखण्ड के चुन्दरी में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
13	घाघरा प्रखण्ड के देवाकी मेंस्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
14	घाघरा प्रखण्ड के डुको में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
15	घाघरा प्रखण्ड के घाघरा पाट मेंस्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन नर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
16	घाघरा प्रखण्ड के कोहीपाट में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
17	घाघरा प्रखण्ड के सेरेंगदाग में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
18	घाघरा प्रखण्ड के शिवसेरेंग में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09माह
19	गुमला प्रखण्ड के डुमरला में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन निर्माण	55,50,000	1,10,000	10,000	09 माह

नोट :-केवल ई-टेण्डर ही स्वीकार होंगे।
1.अधिक जानकारी के लिये वेबसाईट jharkhandtensers.gov.in में देखा जा सकता है।
2.वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-20.09.2024
3.ई निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :-21.09.2024 से 27.09.2024 तक अप0 3:00 बजे तक।
4.निविदा खोलने की तिथि :-28.09.2024 को अप0 3:00 बजे।
5.निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमलाई0 निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :-9801557645
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
7-Form of Bid एवं Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।
8.निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9.इस निविदा में जिला परिषद, गुमला एवं भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के जिले के संवेदक भाग लेंगे।
जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला
PR 335820 (Rural Development)24-25*D

तुष्टीकरण और वोट बैंक के चश्मे को उतार कर झामुमो देखे तो घुसपैठ साफ दिखेगा: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

- राम मंदिर के स्वरूप का पंडाल हिंदुस्तान में नहीं तो क्या पाकिस्तान में बनेगा? सरकार आस्था से खिलवाड़ ना करे
- सीएए के तहत इस्लामिक राष्ट्रों के सिर्फ प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा को नसीहत दी कि वह तुष्टीकरण और वोट बैंक के चश्मे को खोलकर अगर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा दायर किये गये उच्च न्यायालय में एफिडेविट को पढ़ेंगे तो उन्हें घुसपैठ के विषय में सारा कुछ स्पष्ट हो जायेगा। प्रतुल ने कहा सिर्फ वोट बैंक के तुष्टिकरण की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा सच्चाई से इनकार कर रही है। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार गृह मंत्रालय के उप सचिव के द्वारा उच्च न्यायालय में दिये एफिडेविट के प्वाइंट नंबर 35 में स्पष्ट लिखा है कि झारखंड के संथाल परगना के 6 जिलों में घुसपैठ पाकुड़ और साहिबगंज के इलाके से हुई जो पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश से नजदीक का इलाका है। इसी बिंदु में यह भी लिखा है कि इन सीमावर्ती जिलों में बड़े संख्या में मदरसे बनाये हैं। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार के इसी एफिडेविट में वर्णित है कि 2021 में केंद्र ने राज्य सरकार को दो बार पत्र लिखकर 203 और एक बार 145 घुसपैठिए की सूची सौंप थी। केंद्र ने राज्य को इस पर कार्रवाई करने को भी कहा था। मगर राज्य सरकार उसको दबा कर बैठ गयी। प्रतुल ने कहा हेमंत सोरेन राजधर्म नहीं निभा रहे हैं सिर्फ वोट बैंक के राजनीति कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि धुर्वा के पुराने विधान सभा मैदान में राम मंदिर के स्वरूप के बन रहे पंडाल को लेकर सरकार जबरदस्ती तनाव उत्पन्न कर रही है। 500 वर्ष बाद रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और अगर राम मंदिर के स्वरूप का भव्य पंडाल बन रहा है तो इस पर सरकार को आपत्ति क्यों? राम मंदिर स्वरूप पंडाल हिंदुस्तान में नहीं तो क्या पाकिस्तान में बनेगा?

प्रतुल ने यह भी कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकिस्तान से आये मुसलमान के लिए किस आधार पर हक मांग रही है? सीएए कानून के तहत इस्लामिक राष्ट्रों में जो पीड़ित अल्पसंख्यक थे उनको नागरिकता देने का प्रावधान था। तो इस्लामी राष्ट्र में मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाता हो इस सोच को तो 21 तोपों की सलामी बनती है। वहां हिंदू, सिख, क्रिश्चियन, बुध ,जैन, पारसी जरूर प्रताड़ित रहे हैं और इनको नागरिकता और हक देने का प्रावधान किया गया है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे।

वृष विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामले दूर होंगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।

मिथुन अनेक रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी,सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

सिंह आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ,घर में खुशी का वातावरण।

कन्या अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी.अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।

तुला नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

वृश्चिक रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी,सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

मकर मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।

कुंभ आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है,घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं।

मीन आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
ई-अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा संख्या- 18/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक- 13.09.2024
कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	आईडेन्टि फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल सं.
1	RWD/ CHATRA/101/ 2024-25	टण्डवा	पदमपुर	लेम्बुआ	संजय राम के घर से चमन मुईयां के घर तक PCC पथ निर्माण	3194800.00	एकतीस लाख चौरानबे हजार आठ सौ मात्र	03 माह	प्रथम
2	RWD/ CHATRA/102/ 2024-25	टण्डवा	धनगड्डा	रक्सी	हीरा साव के घर से अम्बेदकर भवन तक PCC पथ निर्माण	2485100.00	चौबीस लाख पचासी हजार एक सौ मात्र	03 माह	प्रथम
3	RWD/ CHATRA/103/ 2024-25	टण्डवा	धनगड्डा	खरीका	निशु यादव के घर से बिसु यादव के घर तक PCC पथ निर्माण	9060900.00	नब्बे लाख साठ हजार नौ सौ मात्र	06 माह	प्रथम
4	RWD/ CHATRA/104/ 2024-25	टण्डवा	कोयद	कोयद	लक्ष्मण पासवान के घर से गणेश राम के घर तक PCC पथ निर्माण	6550700.00	पैंसठ लाख पचास हजार सात सौ मात्र	06 माह	प्रथम
5	RWD/ CHATRA/105/ 2024-25	टण्डवा	गाड़ीलौंग	गाड़ीलौंग	मुख्य पथ से संतोष राम के घर से नदी तक PCC पथ निर्माण	3509200.00	पैंतीस लाख नौ हजार दो सौ मात्र	03 माह	प्रथम
6	RWD/ CHATRA/106/ 2024-25	टण्डवा	गाड़ीलौंग	गाड़ीलौंग	पनघटवा रोड में अस्मशान घाट तक PCC पथ निर्माण	3144800.00	एकतीस लाख चौआलीस हजार आठ सौ मात्र	03 माह	प्रथम
7	RWD/ CHATRA/107/ 2024-25	टण्डवा	राहम	राहम	बरगाछ से राहम पैक्स गोदाम तक PCC पथ निर्माण	4061700.00	चालीस लाख इकसठ हजार सात सौ मात्र	03 माह	प्रथम
8	RWD/ CHATRA/108/ 2024-25	टण्डवा	बड़गांव	बड़गांव	रबुल मियाँ के घर से महतो आहर तक PCC पथ निर्माण	3214000.00	बत्तीस लाख चौदह हजार मात्र	03 माह	प्रथम
9	RWD/ CHATRA/109/ 2024-25	टण्डवा	बड़गांव	बड़गांव	बहेरा काली रोड से पिंडराही बिनोद उराँव के घर तक PCC पथ निर्माण	9983800.00	निन्यानबे लाख तेरासी हजार आठ सौ मात्र	06 माह	प्रथम
10	RWD/ CHATRA/110/ 2024-25	टण्डवा	डहू	खूंटीटोला	प्राथमिक विद्यालय से महेश उराँव के घर तक PCC पथ निर्माण	9862200.00	अन्ठानबे लाख बासठ हजार दो सौ मात्र	06 माह	प्रथम
11	RWD/ CHATRA/111/ 2024-25	टण्डवा	डहू	डहू	गणेश महतो के घर से छापर गेला तक PCC पथ निर्माण	9984000.00	निन्यानबे लाख चौरासी हजार मात्र	06 माह	प्रथम
12	RWD/ CHATRA/112/ 2024-25	टण्डवा	डहू	नवादा	बरवाटोली से बहादुर महतो (कामेश्वर महतो) के घर तक PCC पथ निर्माण	9669600.00	छियानबे लाख उन्हत्तर हजार छः सौ मात्र	06 माह	प्रथम
13	RWD/ CHATRA/113/ 2024-25	टण्डवा	नावाडीह	नावाडीह	लेंबोडीह पक्की सड़क से मांडर तक PCC पथ निर्माण	9991200.00	निन्यानबे लाख इक्यानबे हजार दो सौ मात्र	06 माह	प्रथम
14	RWD/ CHATRA/114/ 2024-25	टण्डवा	मिश्रौल	मिश्रौल	बाजो साव के घर से ढोढ़ा तक PCC पथ एवं गार्डवाल निर्माण	5657400.00	छप्पन लाख सन्तावन हजार चार सौ मात्र	06 माह	प्रथम
15	RWD/ CHATRA/115/ 2024-25	टण्डवा	कसियाडीह	घाघरा	प्रकाश गंझु के घर से धनेश्वर भगत के घर तक PCC पथ निर्माण	3278900.00	बत्तीस लाख अठहत्तर हजार नौ सौ मात्र	03 माह	प्रथम
16	RWD/ CHATRA/116/ 2024-25	टण्डवा	कल्याणपुर	कल्याणपुर	बरटोला (महुआटांड़) से अस्मशान घाट होते हुए अखरा तक PCC पथ एवं पुलिया निर्माण	9985300.00	निन्यानबे लाख पचासी हजार तीन सौ मात्र	06 माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 23.09.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
PR 335824 Rural Work Department(24-25)#D

आइएएस पूजा सिंघल की बेल पर इडी कोर्ट में 19 को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। सस्पेंड आइएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में 19 सितंबर को सुनवाई होगी। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 19 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। इडी ने 5 मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद इडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में इडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। इडी की छापेमारी के दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी।

नवरात्र से पूर्व सड़कों के गड्ढे भरे जायें: सचिव

- पथ निर्माण, आरएमसी और जुडको को स्पष्ट निर्देश
- लापरवाह और दोषी अधिकारी हर हाल में दंडित होंगे
- टूटे ग्रील और डिवाइडर को पुनर्स्थापित करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग क प्रधान सचिव ने संबद्ध विभागों को नवरात्र से पहले हरहाल मे सड़कों पर उभरे गड्ढों को भरने का निर्देश दिया। प्रोजेक्ट भवन स्थित सचिव कक्ष में शुक्रवार को रांची नगर निगम, जुडको और पथ निर्माण विभाग के साथ हुई आपात बैठक में प्रधान सचिव सुनील कुमार ने यह निर्देश दिया। राजधानी की सड़कों की हालत पर प्रधान सचिव श्री कुमार ने पथ निर्माण, रांची नगर निगम और जुडको के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने ने साफ कहा कि दोषी और लापरवाह अभियंता हर हाल में दंडित होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल सड़कों का निरीक्षण किया जाये। टूटे डिवाइडर को जगह पर लाकर पुनर्स्थापित किया जाये। सड़कों के किनारे उग आये झाड़ झंखाड़ की सफाई करते हुए वहां हरियाली के लिए पौधे लगाये जायें।

श्री कुमार ने जुडको को निर्देश दिया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गये गड्ढों को ब्लैक टाप करते हुए भरा जाये। विशेष परिस्थिति में तकनीकी कारणों से ब्लैक टाप नहीं करना है। प्रधान सचिव ने जमशेदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। कहा साफ-सफाई और होर्डिंग्स पर विशेष ध्यान दिया जाये। रांची में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर भी विशेष ध्यान देते हुए साफ सफाई पर ध्यान दिया जाये। नेवरी-नामकुम रोड के निर्माण में तेजी लाकर उस पर विद्युत खंभों का अधिष्ठापन कराया जाये।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए बिजली विभाग के तीन अफसर प्रतिनियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बिजली विभाग ने तीन अफसरों की प्रतिनियुक्ति की है। ऊर्जा विभाग, विद्युत निरीक्षणालय रांची सर्कल ने विद्युत निरीक्षक प्रफूल कुमार गुप्ता, सहायक विद्युत निरीक्षक शैलजानंद प्रकाश और अजय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की है। तीनों अधिकारी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में बिजली व्यवस्था देखेंगे। साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश के तहत बिजली व्यवस्था को संचालित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

योजना ढंग से लागू हो

सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को शामिल करने को मंजूरी दे दी है, जो कि एक अच्छा कदम कहा जायेगा। इस फैसले से देश के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल सकेगा। साथ ही, इतनी ही कीमत का हेल्थ इंश्योरेंस कवर भी मिलेगा। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि सोशल सिक्यॉरिटी के मामले में भारत बहुत पीछे है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41% है, जिनके कम से कम एक सदस्य का हेल्थ इंश्योरेंस हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आयेगी, तो देखा जायेगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तोड़ कर रख देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। ब्रोकरेज फर्म Mercer and Marsh Benefits सर्वे के मुताबिक, भारत में 2023 में मेडिकल इन्फ्लेशन 9.6% थी, जो मौजूदा साल में 11% हो सकती है। कोरोना के दौर में पूरे एशिया में चिकित्सा पर महंगाई की सबसे ज्यादा मार हिंदुस्तान पर ही पड़ी थी, तब हमारे यहां मेडिकल इन्फ्लेशन 14% हो गयी थी, चीन से भी ज्यादा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का डेटा बताता है कि भारत में जीवन प्रत्याशा 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही जन्म के समय life expectancy में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में non-communicable diseases से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनमें सबसे ज्यादा लोग मरते हैं हार्ट डिजीज और कैंसर से। सरकार ने बजट में स्वास्थ्य के लिए कोटा बढ़ाया है। हालांकि चीन और अमेरिका की तुलना में यह अब भी कम है। मेडिकल इंफ्रा बढ़ाने के साथ यह इंतजाम भी करना होगा कि आम जनता उसका फायदा उठा सके। सरकार का हालिया फैसला इसी दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि योजना को सही ढंग से लागू किया जाये।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का डेटा बताता है कि भारत में जीवन प्रत्याशा 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही जन्म के समय life expectancy में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है।

अभिमत
आजाद सिपाही

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आयी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

सहकारी क्षेत्र में नयी जान फूंकेंगे पैक्स

शाजी केवी

दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नयी, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये PACS अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आयी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किये, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नये आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है।

सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में PACS के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने PACS के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। PACS की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आइआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक PACS ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलजीपी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। PACS अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेएके) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास ढअउर की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किये जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 PACS का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक PACS को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (इआरपी) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। PACS के कंप्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआइएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे PACS संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नये आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है, ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है, जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम है। इस योजना का उद्देश्य PACS स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां और अन्य कृषि अवसंरचनाएं बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआइ), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमइ) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बर्बादी और परिवहन लागत में कमी आयेगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को PACS स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा। चूंकि PACS ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। PACS से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख PACS से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

(लेखक : नाबार्ड के अध्यक्ष हैं।)

देश-विदेश की खबरें

सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम किया

- **अमित शाह बोले- यह गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति, बोस और सावरकर जैसों के संघर्ष का स्थान**

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार आइलैंड की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी। अमित शाह ने कहा- देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी की 126वीं बर्थ एनिवर्सरी पर अंडमान और निकोबार आइलैंड के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का फैसला लिया था। 28 दिसंबर 2018 में अंडमान-निकोबार के हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप और रॉस द्वीप के नाम बदले थे। हैवलॉक द्वीप को स्वराज द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और रॉस द्वीप को नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप नाम दिया गया।

अमित शाह ने लिखा

देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है।

इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

खोरधारोड मंडल में सतर्कता पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे के सतर्कता विभाग ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य सतर्कता मामलों से निपटने के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूक करना है। पूर्व तट रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी पीपी सिन्हा ने निवारक सतर्कता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मंडल में सतर्कता मामलों से निपटने के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं और निविदाओं, नीलामी, अनुबंधों आदि की प्रक्रिया करते समय अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में बताया। इस अवसर पर पवन विश्वकर्मा, मंडल परिचालन प्रबंधक, एस होरो, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सुमित वर्मा सहायक परिचालन प्रबंधक, पूजा सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, बीके प्रधान, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, टीके साहू, सहायक वाणिज्य प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

रूफ टॉप सोलर लगाने के लिए भारत सरकार दे रही है सब्सिडी, लाभ उठायें

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बुर्ला/राउरकेला टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने पूरे पश्चिमी ओडिशा में सौर शक्ति जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य पश्चिम ओड़िशा में उपलब्ध प्रचुर सौर संसाधनों का उपयोग करना और सौर ऊर्जा का दोहन करना है। ओड़िशा की नवीकरणीय ऊर्जा नीति के आधार पर की गयी यह पहल पीएम सूर्य घर योजना को बढ़ावा देती है और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों के प्रति टाटा पावर की मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। बता दें कि भारत सरकार के पीएम सूर्य घर योजना ने एक किलोवाट के लिए 30 हजार रुपये, दो किलोवाट के लिए 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट के लिए 78 हजार रुपये की

वित्तीय सहायता प्रदान की है।

टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा और टाटा पावर सोलर के कंट्री हेड वी कार्तिकेयन ने अभियान का उद्घाटन किया। इस पहल के तहत सौर ऊर्जा का उपयोग करके सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देनेवाले 7 उपयोगकर्ताओं को इस अवसर पर ग्रीन चैंपियंस के रूप में सम्मानित किया गया है।

इस मौके पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने 3 किलोवाट तक की छत वाली सौर प्रणालियों के लिए एक आकर्षक सब्सिडी योजना की घोषणा की है। इसी प्रकार टाटा पावर सोलर के राष्ट्रीय प्रमुख वी कार्तिकेयन ने सौर प्रणालियों पर प्रस्तुति दी और राष्ट्रीयकृत बैंकों से उपलब्ध वित्तीय सहायता पर चर्चा की।

एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने महिलाओं को मिलेट प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने 27 अगस्त से 13 सितंबर तक मिलेट प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम ने बंतोल ग्राम पंचायत के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की 30 महिलाओं को मिलेट प्रसंस्करण और संरक्षण तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस पहल में आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए बाजरा का उपयोग करने के लिए ज्ञान प्रदान करने पर जोर दिया गया।

समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये, जो कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक था। इस कार्यक्रम में

विभा अग्रवाल, अद्यक्षा, सागरिका लेडीज क्लब शामिल थी और उन्होने महिलाओं के समर्पण की सराहना की। उन्होने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल आपको नये कौशल से सुसज्जित करता है, बल्कि उद्यमशीलता के द्वार भी खोलता है। सीखने और बढ़ने का आपका दृढ़संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है।

समारोह में बंतोल ग्राम पंचायत की सरपंच जयंती लता भी शामिल हुईं और उन्होंने एनटीपीसी तालचेर थर्मल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं इस पहल के लिए आभारी हूं, जो हमारी महिलाओं को कौशल सीखने का मौका देती है जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समुदाय का उत्थान होगा। सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रशिक्षण, प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान और टिकाऊ सूक्ष्म उद्यम बनाने के लिए आत्मविश्वास दोनों से लैस करने पर केंद्रित था। प्रशिक्षकों में से एक ने साझा किया, हमारा लक्ष्य सिर्फ प्रसंस्करण तकनीक सिखाना नहीं था, बल्कि महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना था। एनटीपीसी तालचेर थर्मल के परियोजना प्रमुख (एचओपी) विजय चंद ने सामुदायिक विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि एनटीपीसी तालचेर थर्मल में, हम कौशल-निर्माण पहल के माध्यम से स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। यह प्रशिक्षण आसपास के गांवों में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के हमारे मिशन के अनुरूप है। इस कार्यक्रम से न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने बल्कि स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और क्षेत्र के भीतर टिकाऊ कृषि प्रथाओं का समर्थन करने से भी स्थायी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

स्वच्छता के लिए स्वयंसेवा और सामूहिक कार्य को मजबूत करना है : सतीश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रेलवे के सभी जोनल रेलवे, उत्पादन इकाइयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए और न केवल रेलवे स्टेशनों पर, बल्कि ट्रेनों, रेलवे कॉलोनियों और उत्पादन इकाइयों में भी स्वच्छता के स्तर में उल्लेखनीय सुधार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। रेलवे और नोडल कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में सीआरबी और सीइओ ने कहा कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2017 से 'स्वच्छता ही सेवा' का चालीस दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। हमें स्वच्छता के लिए स्वैच्छिकवाद और सामूहिक कार्रवाई को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए। भारतीय रेलवे इस वर्ष भी 'स्वच्छता ही सेवा' समारोह का आयोजन कर रही है।

श्री कुमार ने कहा कि पिछले साल के 'स्वच्छता ही सेवा'-2023 अभियान के दौरान, भारतीय रेलवे ने लगभग 6823 रेलवे स्टेशनों पर 70,0000 से अधिक मानव-घंटे के श्रमदान के साथ लगभग 2.5 लाख लोगों को अभियान में शामिल कराया। भारतीय रेलवे ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान, कचरे के लिए सेल्फी प्वाइंट का निर्माण, रेलवे की वेबसाइट पर 'स्वच्छता ही सेवा' लोगो/बैनर, ट्रेनों/स्टेशनों पर कचरे के उचित निपटान के बारे में यात्री जागरूकता के लिए नियमित घोषणा, प्रभात फेरी जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। जागरूकता पैदा करने के लिए गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक संगठनों और स्कूली बच्चों की मदद से रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत नारे के साथ नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। इस वर्ष 14 सितंबर (प्री-लॉन्च) / 17 सितंबर (अभियान लॉन्च) को स्वच्छ भारत मिशन के लॉन्च की 10वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाने के लिए 1 अक्टूबर को परिवर्तन पारदर्शिता, सुधार पारदर्शिता की थीम के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

भौरो मलंगटोली में नाबालिग लड़की ने लगायी फांसी

भंडरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के भौरो मलंग टोली गांव में शुक्रवार को एक नाबालिक लड़की ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव के गुजीन उरांव की पुत्री सुमति उरांव (16) के रूप में हुई है। सूचना पर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एसआइ राजीव कुमार ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के पिता गुजीन उरांव ने बताया कि गुरुवार को सुमति देर शाम घर आयी तो उसकी मां ने दिन भर घूमने के कारण डाटते हुए घर के कामों मे हाथ बटाने की बात कही। इस पर सुमति रूठ गयी और अपने कमरे मे चली गयी। सुबह जब सुमति को उठाने परिजन गये तो वह बांस के बल्ली में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली थी। परिजन के हल्ला किया तो आसपास के लोग आये। किसी तरह से उसे नीचे उतारा गया। तब तक वो मर चुका थी। स्थानीय चौकीदार की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिए शव को लोहरदगा सदर भेज दिया। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की करवाई में जुटी है।

नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चितरी घाघ मेला स्थल के समीप दक्षिणी कोयल नदी स्थित चट्टान में फंसा अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी मेला स्थल के समीप कोयल नदी में पत्थर चट्टान में फंसा अज्ञात महिला का नग्न अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। गांव के लोग कोयल नदी में नहाने के क्रम में चट्टान में फंसा हुआ शव देख इसकी सूचना गांव वासियों को दिया गया। शव मिलने की सूचना पर गांव के ग्रामीण देखने पहुंचे और सेन्हा थाना प्रभारी को शव मिलने का सूचना दिया गया। कोयल नदी से शव बरामद होने के उपरांत ग्रामीणों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा का विषय बना हुआ है। जबकि कुछ लोगो का कहना है कि शव कहीं दूसरे जगह से बह कर आया होगा और चट्टान में फंस गया है। फिलहाल सेन्हा पुलिस मामला को संज्ञान में लेते हुए शव को चट्टान के चट्टान से निकलवा कर कब्जे में लेते हुए सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार शव कहीं से बह कर आया है और चट्टान होने कारण दो चट्टान के बीच फंस गया है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नही हो सका है।

सीओ-बीडीओ ने काला बिल्ला लगा कर किया काम

भंडरा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की मांग पुरी नहीं होने से नाराज भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी और सीओ दुर्गा कुमार ने काला बिल्ला लगाकर कार्य का निष्पादन किया। साथ ही मांग पूरी नहीं होने को लेकर नाराजगी जाहिर की है। पदाधिकारियों ने बताया कि संघ की ओर से सरकार से 13 सूत्री मांग की गयी है। जो साल भर से लंबित है। सरकार से केवल आश्वासन मिल रहा है। मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किये जाने को लेकर पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ सांकेतिक रूप से 12 व 13 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया गया है। इसके बावजूद मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो संघ के पदाधिकारी चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हू-ब-हू मॉडल हम पर थोपा जा रहा है। संघ झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है, लेकिन यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए। संघ विरोध कर रही है तथा कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग करता है। इन सेवाओं के पदाधिकारी अब मात्र 17 वर्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति हो जायेंगे। राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को यह स्थान पाने में 25 वर्षों से भी अधिक का समय लग जाता है।

राष्ट्र निर्माण में स्काउट-गाइड की भूमिका अहम : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भारत स्काउट और गाइड मानवता और समाज के प्रति निष्ठावान बनने की सीख देता है। उक्त बातें उर्सुलाइन कांवेंट हाई स्कूल में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित तृतीय सोपान प्रशिक्षण समारोह के प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा।

डॉ उरांव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्काउट गाइड की भूमिका अहम है। आप्तकाल, संकट के दौरान संस्था के बच्चों की सेवा कार्य हमेशा सराहनीय रहता है। इन्होंने भारत स्काउट गाइड के बच्चों को सदैव अनुशासन में रहने का उपदेश दिया। बच्चों के द्वारा किये गये प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि आप जल्द ही राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार की तरफ बढ़े। संस्था के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि यह एक गैर राजनीतिक शैक्षिक आंदोलन है। विश्व के 200 से भी ज्यादा देशों में स्काउट गाइड की शाखाएं संचालित हैं। इसका मकसद संस्कारिक और चरित्रवान के साथ बच्चों को साहसिक, मानसिक रूप से मजबूत बनना है। जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की अगुवाई में मुख्य अथिति वित्त मंत्री को पौधा देकर स्वागत किया गया। उर्सुलाइन कांवेंट हाई स्कूल की प्रिंसिपल उर्सुला कंडूलना ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने शेरो शायरी के माध्यम से सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी की बात कही। ट्रेनर संध्या सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर शिविर प्रधान पुष्पा बाखला, ट्रेनर संध्या सिंह, संध्या कुजूर, रेणु कुजूर, दीप्ति एक्का, सरोज तिर्की के अलावा अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

ग्राम गाड़ी योजना के तहत बस का परिचालन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। समाहरणालय परिसर से शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत एक बस का परिचालन शुरू किया गया। यह बस पेशरार के मुर्मू से लोहरदगा रेलवे स्टेशन तक जायेगी। बस को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योजना से जिले के ग्रामीण जनता को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों को सब्सिडी दी जायेगी। इससे बसों का किराया कम हो जायेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए शहरों तक या मुख्यालयों तक पहुंचना आसान हो जायेगा। योजना के तहत बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी मिलेगी। बसों के परिचालन में परेशानी न हो, इसके लिए सभी वाहनों को रोड टैक्स से 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी। इसके अलावा योजना के तहत राज्य सरकार हर बस को प्रति किलोमीटर 10 रुपए की सब्सिडी दे रही है। मौके पर डीटीओ संजय कुमार ने बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले बसों को सब्सिडी प्रदान कर रही है। आवागमन में सुविधा होने से गांव और शहरों के बीच की दूरी कम हो जायेगी। मौके पर एमवीआई गौतम गौरव, डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी समेत अन्य मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ढोढा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक बॉक्साइट लदे ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। विदित हो कि अरु जगन ढोंढा के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक में सवार दो युवकों को गंभीर चोटें आयी है। दोनों घायल को प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक का स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया।

नक्सलियों के गढ़ रहे चूंगरू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती और नक्सलियों के गढ़ वाला इलाका चुंगरू में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, चुंगरु मुखिया बलदेव परहिया समेत अन्य लोगो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हमारी सरकार पर भरोसा दिख रहा है। सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम से पूर्व में लाखों लोग महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा चुके हैं। जहां सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। उन्हों ने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक करने और सरकार के योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से त्वरित होने का भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं और आवेदन पत्र का मौके पर निष्पादन भी हो रहा है।

जमाकर्ताओं का पैसा अविलंब भुगतान कराये केंद्र सरकार : हरिनाथ साहू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों का शुक्रवार को 13वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रर्दशन समाहरणालय के समक्ष जारी रहा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला से चलकर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहें। हरिनाथ साहू ने कहा कि भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अधिनियम जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 एक्ट के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेदकों की जमा राशि ब्याज सहित अभिलंब भुगतान नहीं होने पर लोकहित अधिकार पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा जब तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी निवेशकों का भुगतान सुनिश्चित नहीं करती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में मुख रूप लोकहित अधिकार पार्टी के नेता पवन तिग्गा, गणेश साहू, ठगी पीड़ित संगठन के जिला अध्यक्ष धीरजनाथ ठाकुर, सुकरो उरांव, आदित्य साहू , शशि नंदन भगत, श्याम देव, उरांव बालमूनी मिंज सहित सैकड़ों की संख्या में ठगी पीड़ित परिवार के लोग उपस्थित हुए।

पीवीयूएनएल ने लगाया नेत्र जांच शिविर

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार चंदवा प्रखड के कई गांव में पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास गतिविधियों के अंतर्गत 13 सितंबर 2024 को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारी अंचल चंदवा के हुचलु टोला में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त शिविर में ग्राम बारी और आसपास के अन्य गांवों के कुल 175 ग्रामीणों ने नेत्र परीक्षण कराने का लाभ उठाया, शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गयी, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर चश्मे की उपलब्धता और संभावित मोतियाबिंद की सर्जरी के जरूरतों का पता लगाने की सुविधा भी प्रदान की गयी। जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पायी गयी है उन्हे शीघ्र ही परियोजना द्वारा चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से ग्राम पंचायत मुखिया, विशेषज्ञ डॉक्टरगण, के. चंद्रशेखर (महाप्रबंधक) बनहरदी परियोजना, आरबी सिंह (अपर महाप्रबंधक), सिद्धार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक), अबीर नाथ, शुभंकर मंडल, कार्यपालक का सराहनीय योगदान रहा।

बीएसएनएल का ऑप्टिकल फाइबर वाइ-फाइ शुरू

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार और चंदवा में ऑप्टिकल फाइबर वाईफाई कनेक्शन बीएसएनएल कंपनी के द्वारा बहुत ही सस्ते नाम पर 30 सितंबर तक कनेक्शन फ्री के साथ वाइ-फाइ कनेक्शन लगाया जा रहा है जिसमें संजीव कुमार डाल्टनगंज ऑफिशनल एरिया मैनेजर ने बताया कि 30 सितंबर तक जो व्यक्ति कनेक्शन लेंगे वैसे व्यक्ति को अभी 5 हजार का बचत है। बीएसएनएल कंपनी के द्वारा यह ऑफर निकल गया है जो 30 सितंबर तक लागू है। सुनील कुमार ने बताया कि व्हाट्सएप नंबर 18004444 सारी जानकारी मिल जायेगी। जिन ग्राहकों को बीएसएनल वाई-फाई कनेक्शन की जरूरत है वह सभी जानकारी प्राप्त कर लें।

कोल्हान की खबरें

ब्राउन शुगर के दो कारोबारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले में एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर बढ़ते ब्राउन शुगर के कारोबार को रोकने के लिए आदित्यपुर पुलिस लगातार कारवाई कर रही है। जगह-जगह छापेमारी कर आरोपियों की गिरफ्तारी जारी है। शुक्रवार को आदित्यपुर पुलिस ने ब्राउन शुगर के कारोबार में शामिल दो कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिलके के एसपी मुकेश कुमार लुनायत को गुप्त सूचना मिली थी आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती निवासी सदिक अंसारी व अजीत कुमार गुप्ता बड़े पैमाने में ब्राउन शुगर का कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही आदित्यपुर प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर मुस्लिम बस्ती में छापेमारी की गयी। जहां सदिक अंसारी एवं अजीत कुमार गुप्ता के पास से कुल 19 पूड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। साथ ही दो मोबाइल और यामाहा मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर लिया। बताया जारहा है सादिक अंसारी का पूर्व में भी अपराधिका इतिहास रहा है। हाल ही में ब्राउन शुगर खरीद बिक्री में नाजिया परवीन को भी सलाखों के पीछे भेजा गया। नाजिया परवीन ब्राउन शुगर कारोबार की सौदागर मानी जाती है। इस संदर्भ में सरायकेला एसपी ने बताया कि ब्राउन शुगर कारोबार में जिसकी भी संलिपिता पायी जायेगी उसके साथ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल में थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, धीरंजन कुमार, जयराज सोनी, विनोद टुडू, विपुल कुमार सहित आदित्यपुर टाइगर मोबाइल मौजूद रहे।

मानगो जवाहर नगर के लोगों ने फिल्टर प्लांट में किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो ज्वाहर नगर रोड नंबर 4 में रहने वाले स्थानीय लोगो को पानी की समस्या से परेशानी बढ़ने लगा है। वही बीते लगभग दो माह से पानी नही मिलने पर स्थानीय लोगो ने मानगो पेयजल आपूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट में विरोध दर्ज कराया। शुक्रवार को भाजपा नेता विकास सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगो ने हंगामा करते हुए फिल्टर प्लांट में प्रदर्शन किया।मौके पर उपस्तित पेयजल स्वच्छता विभाग के पदाधिकारीयों को स्थानीय लोगो ने बताया बीते दो माह से पानी की सप्लाई नहीं होने पर बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।घर मे रोजगार करने वाले युवक हफ्ते में दो दिन ही पानी का जुगाड़ करते है। जिसके कारण घर मे रहने वाले कि परेशानी बढ़ने लगी है।महिलाओं ने कहा पर्व त्यौहार का दिन नजदीक आ गया है लोग अपने मकान की साफ सफाई पानी के अभाव में नहीं कर पा रहे। नहाना तो दूर की बात शौच जाने के लिए भी परेशानी है। कई बार लिखित और मौखिक शिकायत संबंधित अधिकारीयों को दी गयी। लेकिन किसी ने मामले का संज्ञान लेना दूर एक बार क्षेत्र में सुध तक लेने नहीं आए।मौके में मौजूद अधिकारियों ने कहा मानगों नगर निगम के द्वारा गाड़ी धुलाई के सर्विसिंग सेंटर में पानी का कनेक्शन दे दिया गया। जिसका मोटर लगाकर लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। जिसके चलते पानी की किल्लत हुई है। भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा बिजली पानी लोगों की मूलभूत सुविधा है। हम सभी आजाद देश के नागरिक है बराबर का होल्डिंग टैक्स और पानी का बिल सभी भुगतान करते हैं। ऐसे में लोगों को पानी नहीं देना एक जघन्य अपराध से कम नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा दस दिनों के अंदर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आगे की लोग चौका, चूल्हा, बर्तन लेकर डेरा डंडा डाल देंगे।

रामदास सोरेन ने स्व. गोपाल मुर्मू के परिजनों से की मुलाकात

मुसाबनी (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड स्थित सोहदा निवासी झामुमो समर्पित कार्यकर्ता रहे गोपाल मुर्मू का बीते दिनों अचानक तबियत बिगड़ने से निधन हो गया। शुक्रवार को जानकारी मिलने पर झारखण्ड सरकार के जल संसाधन तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन स्व गोपाल मुर्मू के आवास पहुचे। जहा मंत्री ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना जताते हुए ढांढस बंधाया। मौके पर विधायक सह मंत्री रामदास सोरेन ने शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहयोग देते हुए आगे भी सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली, प्रखंड सचिव सोमाय सोरेन, मजदूर नेता सुभाष मुर्मू, धनंजय मार्डी, मास्टर लोबिन सबर, बिक्रम मुर्मू, महिला नेत्री गीता माहली, जोबा हांसदा, गणेश टुडू समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 137वां जन्म महोत्सव कल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 137 वां जन्म महोत्सव (15 सितंबर 2024) रविवार को जमशेदपुर के न्यू काशीडीह बगान एरिया में धूम धाम से मनाया जायेगा। शुक्रवार को मंदिर कमेटी द्वारा इसकी जानकारी दी गयी। मौके पर मंदिर कमिटि के रित्तिक विनोद साव ने बताया प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 137 वां जन्म महोत्सव रविवार को मनाया जायेगा। एक दिवसीय उत्सव में सुबह से ही हजारों हाजर गुरुभाई दूर दरार से काशीडीह मंदिर में शामिल होंगे। इसके लिए सभी तैयारी जोरो सोर से की जारही है। उन्होंने कहा परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी का 137 वां जन्म महोत्सव में पूर्वी सिंहभूम के अलावा विभिन्न राज्य से हजारों हजार की संख्या में गुरुभाई उपस्थिति होंगे। इस अवसर पर धर्म सभा मे देवघर से राजशेखर सिंह, त्रिपूरा से मावेन्द्र देवनाथ, ओड़िशा से अमिताभ नायक, शौर्यद्र मिश्रा समेत अन्य वक्ताओ ने श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। उन्होंने कहा रविवार को सुबह 4 बजे से काशीडीह मंदिर परिसर में प्रभात फेरी, सुबह का प्राथना,11 बजे से धर्म सभा, दोपहर एक बजे से मातृ सम्मेलन उसके बाद हजारों गुरुभाई आनंद बाजार (प्रासाद) का ग्रहण करेंगे। वही महोत्सव मे दिन भर सैकड़ों श्रद्धालु दीक्षा ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर रित्तिक विनोद साव, मदन कुमार महातो, हरे कृष्णा महातो, कुंज बिहारी, आदित्य तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

घाटशिला कॉलेज की फुटबॉल टीम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। घाटशिला कॉलेज के पुरुष एवं महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच खेल अभ्यास करवा कर दोनों वर्ग की टीम गठित करवा लिया गया है। यह दोनों टीम कोल्हान विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन एलबीएसएम कॉलेज, जमशेदपुर के संयोजन में 24 से 28 सितंबर के बीच होने वाला है।

महिला एवं पुरुष फुटबॉल टीम का चयन खेल पदाधिकारी प्रोफेसर विकास मुंडा एवं पीटीआई अर्जुन भुइयां के निर्देशन में किया गया। चयन के दौरान काफी संख्या में कॉलेज के फुटबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंत में दोनों टीम के लिए 18-18 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस टीम को केयू इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु भेजा जायेगा। चयन के दौरान प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल का अपना अनुशासन होता है। खेल अनुशासन को ध्यान में रखकर बेहतर खेल प्रदर्शन करना है।

जीसीजेडी हाइ स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

घाटशिला (आजाद सिपाही)। हिंदी पखवाड़े के मौके पर शुक्रवार को गिरीश चंद्र झुरो देवी उच्च विद्यालय मुसाबनी सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी दिवस हर्षोउल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सोमेश्वर झा ने किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल शिवपूजन सिंह चौहान, स्कूल के प्रधानाध्यापक मुरारी प्रसाद सिंह, हिंदी विभाग के शिक्षक विनोद कुमार लाल सहित सभी शिक्षक मौजूद थे। शिक्षकों द्वारा हिंदी दिवस की सार्थकता पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर प्रिंसिपल मुरारी प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी देश को एकता के सूत्र में जोड़ने वाली सशक्त भाषा है। इसका सम्मान देश के हर लोगों को करना चाहिए। हिंदी के बिना राष्ट्र भावना की कल्पना नहीं की जा सकती। इस मौके पर शिवपूजन सिंह चौहान, विनोद कुमार लाल एवं सोमेश्वर झा भी अपने विचार रखे।

जनता सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये : नेहा कुमारी

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत में शुक्रवार को झारखंड सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पंचायत की मुखिया नेहा कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बीस सूत्रि अध्यक्ष अहमद अली, पूर्व मुखिया पारसनाथ पांडेय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज तिवारी, अंचल निरीक्षक परमानंद गुप्ता, बीपीओ संतोष दूबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सभी सरकारी विभाग के स्टॉल लगे हुए थे। जहां पर विभागीय पदाधिकारी कर्मचारी जनता के द्वारा दिये जा रहे आवेदन के आलोक में कार्य निष्पादन करने में लगे थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया नेहा कुमारी ने सभी ग्रामीण जनता से उनके आवश्यकता के अनुसार आवेदन कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, झामुमो पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र यादव सहित काफी संख्या में जनता उपस्थित थे।

मझिगावां में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मझिगावां पंचायत में शुक्रवार को श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मुखिया रीता देवी सहित गांव की कई बुजुर्ग महिला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किये। कार्यक्रम विलंब से प्रारंभ होने के कारण जनता तपती धूप में इधर-उधर भटकती रही, उसके पश्चात जब कार्यक्रम जब शुरू हुआ तो विभागों के टेबलों पर पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने के कारण जनता को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास को लेकर जनता तथा बीडीओ के साथ तीखी बहस भी हो गयी। दोपहर के बाद अत्यधिक बारिश हुई जिस वजह से सभी कर्मी तीतर बितर हो गये। कुल 2244 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 2199 आवेदन समाचार लिखे जाने तक लंबित थे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शंभुनाथ साह, रपुरा सीएचओ प्रतिमा सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि सुनील यादव, नरेश पासवान सहित सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

पूर्व विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के रारो पंचायत में शुक्रवार को पूर्व विधायक सह वरिष्ठ झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने रारो पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उनकी विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने ग्रामीणों की समस्याओं को निवारण करने का भरोसा दिया। वहीं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से पंचायत की समस्याओं को खुलकर सामने रखा। पंचायत के कई गावों को मुख्य सड़क से नही जोड़ा गया है। वहीं रोजगार, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जाहिर किया। इसके साथ क्षेत्र में खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व विधायक श्री देव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इन समस्याओं को हर संभव समाधान करने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र में डोर-टू-डोर भ्रमण कर ग्रामीणो के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशिष प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, झामुमो नेता जितेंद्र ठाकुर, पचौर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णकांत सिंह, अरविंद पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जनता इस बार भाजपा की सरकार बनाने को तैयार : अलखनाथ पांडेय

गढ़वा (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड के विभिन्न गांव में क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से मिलकर जनसंपर्क किया। इस क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने चुटिया गांव में बन रहे शिव मंदिर का निरीक्षण कर गोदरमाना बाजार में स्थित दुर्गा मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन कर क्षेत्र के सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इस क्षेत्र भ्रमण के पश्चात लोगों से जनसंपर्क के बाद अलखनाथ पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार में आम जनता भ्रष्टाचार लूटपाट से त्रस्त है और साथ ही साथ बेरोजगारी चरम पर है। जनता का विश्वास झामुमो सरकार से उठ चुका है क्योंकि वर्तमान सरकार अपने अनगिनत किए हुए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं कर पायी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा सहित पूरे झारखंड की जनता इस बार परिवर्तन करने के लिए पूरा मन बना चुकी है बस समय का इंतजार है इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार अच्छे बहुमत के साथ बनने जा रही है। मौके पर भाजपा नेता पवन पाण्डेय, गढ़वा जिला मंत्री चंदन जायसवाल, रोशन दुबे, अनुज मेहता, सरवन राम, प्रकाश महतो, राजीव राम सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

अखिल विश्व गायत्री परिवार गांवों में जगायेंगे विचार क्रांति की अलख

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ज्योति रथ कलश के उपलक्ष्य में नपं क्षेत्र के जंगीपुर पेट्रोल पंप स्थित सेंट्रल बैंक के निकट गायत्री शक्तिपीठ परिसर में शुक्रवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के सक्रिय परिजनों की एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शांतिकुंज हरिद्वार से आए झारखंड प्रभारी व स्थानीय गायत्री परिवार के परिजन मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं और परिजनों को संगठन की एकता एवं अखंडता के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

476 को मिला कन्यादान योजना का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र देने हेतु समाहरणालय के सभाकक्ष एवं समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मिथिलेश कुमार ठाकुर, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर की गयी एवं कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के कुल 476 लाभुकों को मंत्री श्री ठाकुर द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया, जिसके लिए एक करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए की राशि लाभुकों के खाते में सीधे हस्तांतरित किए गए। उक्त मौके पर मंत्री श्री ठाकुर द्वारा अपने अभिभाषण में कहा गया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही यह एक महत्वपूर्ण योजना है। बेटियों के बारे में समाज में पायी जानेवाली सोच, लड़को के मुकाबले उनकी कम होती संख्या, बालिकाओं को जल्दी शादी कर देने जैसी प्रवृति जैसी समस्याओं से छूटकारा पाने हेतु सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिया जाता है। इसका उद्देश्य पुत्री के जन्म पर समाज में फैलने वाली हीनभावना का अंत, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बालिकाओं के विवाह में आने वाली आर्थिक पेरशानी, बाल विवाह प्रथा का अंत करने के उदेश्य से इस योजना को संचालित किया गया है। इस योजना के आ जाने से दहेज उत्पीड़न एवं पूर्ण हत्या जैसी घटनाओं में कमी आयी है। उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर ने भी अपने संबोधन में इस योजना की महता के बारे में बतायी एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत स्वीकृति प्राप्त करने वाले सभी लाभुकों को शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभुक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका, गोद भराई व अन्नप्रासन हेतु गर्भवती एवं धात्री महिलाएं समेत रंगोली, मेहंदी में भाग लेने वाले प्रतिभागी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थें।

फर्जी लेन देन के दो आरोपी गिरफ्तार

विशुनपुरा। पुलिस ने दो युवकों को फोन पे से फर्जी लेन देन के आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि प्राथमिकि अभियुक्त आयुष दुबे पिता प्रशांत दुबे उम्र करीब-20 वर्ष एवं हर्षित कुमार तिवारी पिता रामभद्र तिवारी उम्र 19 वर्ष दोनों हरिनामाड़ थाना चैनपुर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है।

हथियार तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। केतार पुलिस ने अवैध रूप से हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूमने एवं हथियार बनाकर तस्करी करने के आरोप में दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केतार पुलिस को गस्ती के दौरान वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि केतार स्थित चटनियां डैम के पास एक व्यक्ति हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे। तभी हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। परंतु भागने में असफल रहा। पूछताछ के दौरान पता चला कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति महबूब अंसारी 38 वर्ष ग्राम थाना क्षेत्र के नावाडीह का निवासी है। महबूब ने बताया कि राजकुमार विश्वकर्मा अपने घर पर अवैध रूप से हथियार बनाकर बिक्री करता है। इस निशानदेही पर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में राजकुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उसके घर से अवैध रूप से हथियार बनाने वाले उपकरण को अपने कब्जे में लेकर दोनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, सअनि अमरेंद्र कुमार सहित केतार एवं भवनाथपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हंसकेर गढ़वा के स्टेडियम में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 अंडर-17 और अंडर-19 बालिका वर्ग के सभी प्रकार के एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी राकेश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रंभा चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर,पूनम श्री, चितरंजन कुशवाहा, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, प्रभाकर सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर की।

भाजपा की संकल्प यात्रा को लेकर बैठक

सांसद सह अभिनेता रवि किशन, एवम मनोज तिवारी भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा के गढ़वा जिला कार्यालय में आगामी संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बैठक के प्रभारी चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह मौजूद थे। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर भाजपा जन जन तक जायेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक के आतंक से जनता त्राहिमाम कर रही है भाजपा सरकार में झारखंड विकास का नया इतिहास लिखेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि संकल्प यात्रा की शुरूआत 21 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा भवनाथपुर विधानसभा से संकल्प यात्रा की शुरूआत किया जायेगा। जिसमें 22 सितंबर को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा का भ्रमण रोड शो एवं सभा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें गोरखपुर सांसद अभिनेता रवि किशन, दिल्ली सांसद अभिनेता मनोज तिवारी, धनबाद विधायक राज सिन्हा सांसद निशीकांत दुबे मुख्य रूप से सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद 23 सितंबर को संकल्प यात्रा बिश्रामपुर होते हुए पांडु तक जायेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश केशरी, नरेंद्र पांडेय शिवधारी राम, ब्रजेश उपाध्याय, उमेन्द्र यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

छात्र-छात्राओं ने थामा झामुमो का दामन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के छात्र-छात्राओं में भी राजनीतिक उबाल आ गया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का क्रेज छात्र-छात्राओं के भी सर चढ़कर बोल रहा है। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा के 200 से अधिक छात्र, छात्राओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिला कर पार्टी में शामिल किया।

सीएम 19 को आयेंगे, डीसी और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आगामी 19 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, हेमंत सोरेन का गढ़वा जिला आगमन होने जा रहा है। कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने आज उपायुक्त शेखर जमुआर व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कार्यक्रम स्थल पेशका हाई स्कूल के मैदान पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में किये जाने वाले आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। मैदान में स्टेज बनाने, टेंट एवं स्टॉल लगाने, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, आने वाले अतिथियों एवं आमजनों के बैठने की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, प्राथमिक उपचार व्यवस्था आदि समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा कृषक पाठशाला का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, उत्पाद अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मेराल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 18/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 09.09.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 335159 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 19.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर 23.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 25.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 335727 Rural Work Department(24-25)D

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची। अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 56/24–25

मान्नीय राष्ट्रपति, भारत सरकार के रॉची आगमन के अवसर पर राजभवन रॉची एवं अन्य स्थानों पर अस्थाई विद्युतीकरण का कार्य हेतु विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है:–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 18.09.24(12.00 बजे अपराह्न तक।)
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3. निविदा प्राप्ति का तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 18.09.24 को 12.30 बजे अपराहण तक विद्युत कार्य प्रण्डल, रॉची में
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 18.09.24 को 1.00 बजे अपराहण विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500/–, 750/–,1250/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 335793 Energy(24-25)D

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ
रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिनकोड– 829122
ई–मेल:–ese.ramgarh@gmail.com ,Phone no:- 06553-231987

सूचना

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

क्र0 सं0	स्थान	प्रखण्ड	कैम्प आयोजन की तिथि
1	गिददी (डांडी ब्लॉक)	डाडी	20.09.2024
2	नियर मिडिल स्कूल, बारलोंग	रामगढ़	20.09.2024
3	पालू	पतरातु	21.09.2024
4	घाटो	माण्डु	23.09.2024
5	दुलमी बाजार	दुलमी	23.09.2024
6	नियर दुर्गा मंडप, छत्तर माण्डु	रामगढ़	23.09.2024
7	टेरपा	पतरातु	23.09.2024
8	हफुआ	पतरातु	24.09.2024
9	महेश होटल लारी	दुलमी	24.09.2024
10	एतियातु	पतरातु	25.09.2024
11	दोहाकातु	रामगढ	25.09.2024
12	संग्रामपुर	गोला	25.09.2024
13	कोडी बाजार टांड	पतरातु	26.09.2024
14	बरगाँव	माण्डु	26.09.2024
15	उत्क्रमित मध्य विदयालय, उसरा	रामगढ़	26.09.2024
16	मगनपुर गोला	गोला	26.09.2024
17	चिकोर गाँधी चौक	पतरातु	27.09.2024
18	चरही	माण्डु	27.09.2024
19	इलियास गैस, हेसला	रामगढ़	27.09.2024
20	कुल्ही चौक	गोला	27.09.2024
21	करमा	गोला	28.09.2024
22	मांडू	मांडू	30.09.2024
23	बरलंगा	गोला	30.09.2024

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह०/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

PR 335742 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

e-TENDER NOTICE

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

NIT No.	Name of the works	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money (In Rs.)	Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./-
189/PR/JUSNL/2024-25	Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 02 nos. 132 kV AIS bay at 220/132/33 kV GSS, Ulijhari and other allied work on turnkey basis.	4,90,13,204.00	9,80,300.00 (Online mode)	10,000.00 + GST (Online mode)
190/PR/JUSNL/2024-25	Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C Transmission line (with HTLS Conductor) for connecting 132/33 kV GSS, Sikursai (Chaibasa-II) to 220/132/33 kV GSS, Ulijhari including De-stringing of 132 kV TL on turnkey basis.	13,39,11,664.00	26,78,300.00 (Online mode)	15,000.00 + GST (Online mode)

Start Date & Time of Download the Tender Documents	18.09.2024 at 11:00 AM
Start Date and time of upload of BID	18.09.2024 at 11:00 AM
End date and time of upload of BID	08.10.2024 upto 04:00 PM
BID Opening date for technical part	09.10.2024 at 04:00 PM
BID Opening date for price part	Will be communicated
Procurement Officer and address for communication	General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(8987421011)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 335507 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 24-25 (D)

गुमला सीट से कांग्रेसी को टिकट दिये जाने की मांग

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रदेश सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार 'चीनी ' की अध्यक्षता में रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड गुमला में कांग्रेसी कार्यकताओं की बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत तीन विधानसभा सीट है जिला मुख्यालय की इस सीट पर पार्टी का मजबूत जनाधार है लोकसभा चुनाव 2024 में गुमला विधानसभा से पार्टी को 19200 वोटो की बढ़त मिली थी पूर्व में कांग्रेस पार्टी से बैरागी उरांव लगातार तीन बार विधायक रह चुके हैं। बैठक में मुख्य रूप से अकिल रहमान ,मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, संतोष कुमार गुप्ता ,प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर ,निरंजन बड़ा, राजेश्वर एक्का ,साहेब वसीम राजनील तिग्गा ,रोहित उरांव ,जय सिंह ,शादाब आलम, अमृता भगत, राजू रंजन महतो ,रूपेश कुमार , जेराल्ड बाड़ा, अलबर्ट तिग्गा, प्रदीप मिंज , शाहजहां अंसारी,मंसूब अंसारी, नसीम ताज ,वारिश खान, दीपक कुमार, रफी अली, सगीर आलम सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

आपकी योजना आपकी सरकार के स्टॉल में ही छूट गये अबुआ आवास योजना के आवेदन

इस लापरवाही से ग्रामीण नाराज, बैठक में दोषियों पर कार्रवाई की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। बीते 5 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा उद्घाटित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे शिविर में ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों को छोड़ दिए जाने का आरोप लग रहा है। ये आवेदन अबूआ आवास से संबंधित बताए जा रहे हैं। ग्रामीण इस लापरवाही से काफी नाराज हैं और मामला इतना तूल पकड़ा कि इसे लेकर पंडरानी गांव में ग्रामीणों की बैठक हो गई। बैठक में ग्रामीणों ने राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजना में सरकारी कर्मियों के लापरवाही और पंचायत की गरीब जनता को योजना से वंचित रखने का आरोप लगाया , और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। बताया जा रहा है कि अबुआ आवास योजना का वह फाइल कार्यक्रम स्थल पर ही पड़ा हुआ था। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 103 आवेदनों को उठाकर अपने पास रखा गया है। बैठक में पंडरानी गांव के रामचरित्र सिंह ने शिविर में छुटे पंचायत के गांव वार आवेदनों की जानकारी देते हुए कुल 103 आवेदन सुरक्षित रखें होने की बात कही गई। इस दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव बैठक स्थल पहुंचे और लोगों से बात की। उन्होंने बताया कि शिविर में अबुआ आवास योजना के प्राप्त आवेदनों का छुटना संबंधित कर्मियों की लापरवाही जरुर है। आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा ने बताया की शिविर में आवेदन का छुटना मानवीय भुल थी, जैसे ही इसकी जानकारी मिली पंचायत स्तरीय कर्मी को शिविर स्थल भेजकर छुटे आवेदनों को मंगवाया गया। आवेदन प्राप्त होते ही सरकार आपके द्वार पोटल पर सभी आवेदनों की इंट्री की जानी है। बैठक में पड़हा समाज के मंगरा उरांव, बिरसा उरांव,जुब्बी उरांव, गजेन्द्र उरांव, विजय दर्शन मिंज, प्रदीप उरांव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के उपस्थिति में हुए इतने बड़े कार्यक्रम में ऐसी प्रशासनिक लापरवाही क्षम्य नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक एक ओर क्षेत्र के लोगों के बीच ढोल-नगाड़े देकर ठगने का काम कर रहे हैं,5 साल के कार्यकाल में जनहित व जनता की समस्या से क्षेत्र के विधायक को कोई सरोकार नहीं है। हमारी मांग है की आगामी विधानसभा चुनाव में सिसई विधानसभा क्षेत्र के स्थाई निवासी विधायक प्रत्याशी को ही जनता कुर्सी पर बैठाने का काम करेंगी, जिसके साथ जनता अपनी समस्या के निदान के लिए अपने प्रतिनिधि तक पहुंच सके। क्षेत्र का बागडोर बाहरी नेता को नही सौंपा जाएगा। वहीं उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भ्रष्ट व लापरवाह अधिकारियों-कर्मियों को हटाने की मांग की है। इस मौके पर पंचायत के सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष आम लोगों से मुलाकात के लिए पहुंचे कई सुदूरवर्ती गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। अपनों के साथ एक मुलाकात कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने बिशनपुर विधानसभा के पूर्वी क्षेत्र के कसीरा, पतिया, सेमरटोली, नवाटोली, कोयनजारा,गाजुटोली पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों के द्वारा बतलाया गया कि हमारा गांव सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण कोई भी जनप्रतिनिधि अथवा प्रशासनिक अधिकारियों का आगमन नहीं होता है और आगमन नहीं होने से क्षेत्र की वस्तु स्थिति से अवगत नहीं हो पाते हैं इस कारण हम सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के लाभ से वंचित हो जाते हैं हमारा गांव विधानसभा सभा के अंतिम गांव है हमारे यहां कोई नेता नहीं आते है यहां तो समस्याओं का भरमार है आज आप सभी आयें है हम सबों से मिलने,हम सबों में खुशी है।अब हम सबों का समस्या दुर हो सकता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव के द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र से सम्मानित जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजते हैं तो आपका दायित्व है कि आप उन्हें समय-समय पर क्षेत्र भ्रमण हेतु बुलाया करें ताकि जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी का आवागमन होगा तो निश्चित तौर पर उनके संज्ञान में क्षेत्र के विभिन्न समस्याएं आएंगे और पहल करने पर निराकरण भी होगा ।साथ ही आप सभी को राजनीतिक जागरूकता भी रहना चाहिए अपने मत से लोगों को चुनाव में विजई बनाते हैं उन्होंने ने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव होना है मैं तो सभी जगहों पर लोगों से मिलकर जागरूक कर रहा हूं।इस लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। और झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी लाभकारी योजना का आप सभी लाभ लें और अपने आप को मजबूत करें। मौके पर मोहन महली,राजा खड़िया, सुरेन्द्र बिलुंग, तरुण गोप, लालू कुल्लू, चंद्रमोहन गोप और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

कुआं में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पोढ़ा बसारटोली गांव में कुआं में डूबने से एक वृद्ध महिला मंगरी देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर शनिवार को घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच। उक्त बुजुर्ग महिला के शव को कुआं से बाहर निकालवाकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि परिजन द्वारा बताया गया कि धान खेत से घास निकालने की बात कह कर मंगरी देवी गुरुवार को दोपहर 3 बजे घर से निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी।काफी खोजबीन परिजन द्वारा किया गया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वही शुक्रवार को सुबह उक्त कुआ के समीप से पार हो रहे हैं लोगों ने कुआ में पानी के ऊपर उपला हुआ शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी और इसकी सूचना घाघरा थाना को दी। जिसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, तीन घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला सिमडेगा रोड स्थित झारखंड डीपा के समीप मोड में अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार नेचला टोली मुरकुंडा निवासी 25 वर्षीय अजय उरांव, चरका टांगर जामटोली निवासी 15 वर्षीय पंकज उरांव और 14 वर्षीय बादल गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना में अजय का एक हाथ टूट गया जबकि पंकज और बादल के सिर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक एक बाइक में सवार होकर तीनों बूंदा से जामटोली जा रहे थे तभी बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण झारखंड डीपा के समीप मोड में संभाल नहीं पाए और अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गए।

भरनो में दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर

भरनो (आजाद सिपाही)। रांची गुमला मुख्य मार्ग खरवा गढ़ा के समीप ठल्ल 23 में भीषण सड़क हादसा दो मोटर साईकिल आमने सामने भिड़ंत चार युवक गाड़ी में बैठे थे।सिसई करकरी बुडका निवासी जितेंद्र उरांव पिता महावीर उरांव उम्र लगभग 24 वर्ष की मौत घटना स्थल पर हुई। भरनो नवा टोली निवासी अजय लोहरा पिता उगा लोहरा उम्र 22 वर्ष की स्थिति अत्यंत गंभीर है रिम्स रेफर किया गया। भरनो टेटगा टोली निवासी बाबूलाल उरांव पिता बिरसा उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में इलाज चल रहा है बिजय लोहरा पिता एतवा लोहरा लेको टोली भरनो निवासी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। सड़क हादसा को देखकर लोगों के दिल में डर पैदा हो गया कि नव युवक किस तरह से बाइक चलाते हैं। मौके पर पहुंच कर घायलों का कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव एवं बल्केश्वर महली ने घायलों को अपनी गाड़ी में अस्पताल लाए एवं इलाज का व्यवस्था किया। भरनो प्रशासन मौके पर पहुंची।

मिशन बदलाव संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रखंड कामडारा में रामबालक बड़ाईक की अध्यक्षता में ब्लॉक मैदान में बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष नमन टोप्पनो ने किया ने किया, भूषण भगत के द्वारा बैठक में मिशन बदलाव संगठन विस्तार पर चर्चा और सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई और संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया एवं कार्यकर्ता को जोश भरा और कहा कि मिशन बदलाव झारखण्ड के भविष्य की रूपरेखा तैयार कर झारखण्ड को बेहतर दशा दिशा देने का कार्य करेगा, मिशन बदलाव सदसय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संजय बरला ने कहा कि मिशन बदलाव युवाओं का जुनून है जो झारखण्ड के मुद्दों को राष्ट्रीय पटल में रखते हुए समाधान की पहल के रणनीति,में कार्य कर रहा है।अभिनव कौशल ने कहा कहा कि अब झारखण्ड को जाति धर्म,बाहरी भीतरी को लेकर जलाने की नही सभी जाति धर्म एक साथ झारखण्ड को बेहतर बनाने की है, मौके पर अभिनव कौशल, संजय बरला,चंपा कोंगाडी सिकन्दर सिंह,चंदमोहन बड़ाईक, शयम सुंदर चिक बड़ाईक, सिलबनुष सोरेंग,सुमित्रा कुमारी, विमल होरो, आदि थे।

पुसो पुलिस ने हथियार के साथ एक को दबोचा, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवादाता

सिसई। पुसो पुलिस ने शुक्रवार को एक हथियार बंद व्यक्ति को पकड़ कर जेल भेज दिया। इस बावत पुलिस निरीक्षक विनय कुमार,पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की ने सिसई थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पुसो थाना क्षेत्र कुलकुपी महुआ टोली गांव में एक व्यक्ति हथियार लेकर घुमने की सूचना मिली। सूचना पर सन्हा दर्ज करते हुए, एसपी व पुलिस निरीक्षक को सूचना दी गई और सूचना का सत्यापन करने के लिए पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की के नेतृत्व में सशस्त्र दल द्वारा कुलकुपी महुआ टोली गांव पहुंचे। गांव के ही राजी उरांव (50) द्वारा धनेश्वर उरांव (48) धनेश्वर उरांव के घर जाकर डायन बिसाही और झगड़ा करने लगा और लाल गमछा में लिपटा हुआ हथियार निकालकर जान से मारने की नियत से धनेश्वर उरांव के ऊपर तान दिया। ढंच -ढंच की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और अगल बगल के लोग आ गए और उसे पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान वो जमीन पर गिर गया । जिसके उपरांत हथियार छीना गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुसो पुलिस ने राजी उरांव को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक विनय कुमार,पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की,एस आई देव कान्त सिंह,सैप हवलदार विन्देश्वरी तिर्की नागेन्द्र कुमार महतो मौजूद थे।

सदर अस्पताल में राष्ट्रीय पोषण माह का सिविल सर्जन और उपाधीक्षक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल के एमपीसी में राष्ट्रीय पोषण माह दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर अस्पताल के सिविल सर्जन नवल कुमार और उपाधीक्षक अनुपम किशोर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा माताएं अपने बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार खिलायें जिससे बच्चे स्वस्थ रहेंगे और उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा। पौष्टिक आहार की कमी के चलते बच्चों में कई प्रकार की कमियां आ जाती है जिससे बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। वही बच्चों को खिलाने वाले आहार की श्रृंखला बताई गई। डॉक्टर अनुपम किशोर ने कहा बच्चे के जन्म लेने के बाद मां का दूध सर्वोत्तम होता है। बच्चे जब खाने योग्य हो जाते हैं तो उनको पोस्टिक आहार का सेवन कराना चाहिए। इस अवस्था में माता-पिता को बच्चों पर विशेष ध्यान भी देना चाहिए। मौके पर डॉक्टर पीसी के भगत, असीम मिंस सहित सदर अस्पताल के कर्मी काफी संख्या में मौजूद रहे।

कुहीपाट पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के कुहीपाट पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, सीओ आशीष कुमार मंडल, उप प्रमुख शिवा देवी शामिल हुई। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा सहित कई अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा किया। वही पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके ही पंचायत और गांव में पहुंचकर लाभ पहुंचाना है आप सभी इसका समुचित लाभ उठाएं। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि शहर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लाभकारी योजना से आप सभी को लाभान्वित किया जाना है जिसे लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है आप सभी अधिक से अधिक उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर आवेदन भर कर जमा करें ताकि लाभान्वित हो सके। वहीं कई परिसंपति, अबूवा आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का प्रशस्ति पत्र का वितरण जन प्रतिनिधि और पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। मौके पर उपस्थित लोगों मुखिया फगुवा उरांव, पंचायत समिति सदस्य बैजू पहान, सुप्रिया कुमारी सहित कई पदाधिकारी कर्मी और ग्राम महिला-पुरुष उपस्थित थे।

ठग है सिविल जज और सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को दुखड़ा सुनानेवाली महिला

मनगढ़ंत और झूठी कहानी गढ़कर अधिकारियों को किया दिग्भ्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। डुमरी प्रखंड के कोठी गांव की एक महिला गुरुवार को सरकारी कार्यालय में घूम-घूम कर अपनी मनगढ़ंत व झूठी कहानी बताकर अधिकारियों से मदद की गुहार लगा रही थी। उसकी मार्मिक कहानी सुन कर अधिकारियो ने उसकी मदद का आश्वासन दिया और उक्त महिला के बयान और अधिकारियों के मदद करने की बात को आधार बना कर कई अखबारों ने खबर भी छापी। लेकिन जब उक्त महिला के बारे में पड़ताल की गई तो वह महिला ठग निकली। महिला ने गुरुवार को अधिकारियों के समक्ष बताया था कि रांची के अस्पताल में उसका बेटा इलाजरत था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। अपन मृत बेटे का शव लाने के लिए 4000 रुपये की जरूरत है। लेकिन वह महिला न तो अस्पताल का नंबर बता पा रही थी और न अपने उस भाई का मोबाईल नंबर। इस पर संवाददाता को कुछ शक हुआ। आजाद सिपाही की टीम ने अपने स्तर से मामले की पड़ताल की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। महिला के गांव तक पहुंचने के बाद पता चला कि वह महिला अपना नाम बदलकर अधिकारियों से मदद मांग रही थी। महिला का वास्तविक नाम रीना केरकेट्टा है और वह कोठी गांव की रहने वाली है। लेकिन वर्तमान में वह अपने पति के साथ गुमला में ही रहती है। उसकी दो शादी हो चुकी है पहला पति दिनेश लकड़ा है जो दिल्ली में रहता है और महिला उसे छोड़ चुकी है। जबकि दूसरे पति का नाम अजय लोहरा है जिसके साथ वह गुमला में किसी स्थान पर रहती है। उसका एक भाई है जिसका नाम मनीष केरकेट्टा है और वह गांव में रहकर खेती-बाड़ी करता है। जानकारी देते हुए महिला के मामा सुरेश केरकेट्टा ने बताया कि महिला गुमला में ही अपने पति के साथ रहती है। महिला घूम घूम कर झूठी और मनगढ़ंत कहानी बताकर पैसा ठगना चाहती है। जिस प्रकार से उसने अपनी आपबीती सुनायी। अधिकारियों को उसकी बात में पूरी सच्चाई नजर आयी और उनकी नजर में वह दया का पात्र बन गयी। लेकिन मामले के खुलासे में उसकी सारी बातें झूठ निकलीं। जिस तरह से वह अपनी झूठी कहानी बताती है कोई भी उसकी बातों में विश्वास कर लेगा।

यहां तक कि कहानी बताते बताते वह रोने भी लगती है। जब खबर झूठी निकली तो डीएस अनुपम किशोर ने राहत की सांस ली। उन्होने कहा कि वे उक्त महिला की कहानी सुन कर काफी विचलित थे। वे बेचैन थे कि कैसे सुबह हो और उक्त महिला की निजी तौर पर मदद कर दी जाये। लेकिन जब खबर झूठी निकली तो उन्होने कहा कि मैं ठगे जाने से बच गया।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, सिमडेगा
(खनन शाखा)

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के बानो अंचल अन्तर्गत थाना– बानो, मौजा–हतनन्दा, खाता सं0– 44, प्लॉट सं0– 1430 एवं 1431, रकबा– 3.59 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से भण्डारित बालू लघु खनिज की मात्रा 188589 घनफीट लगभग को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम नीलामी दिनांक **25.09.2024** को समय **11.30** बजे पूर्वाह्न में अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक 'ए' के सभाकक्ष में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक **23.09.2024** के **5.00** बजे अपराहन् तक है। भण्डारण की विवरणी लोक नीलामी की प्रक्रिया की शर्तें website:- www.simdega.nic.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0 / 12.09.2024
जिला खनन पदाधिकारी,,
सिमडेगा।

ह0 / 12.09.2024
अपर समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

PR 335745 Simdega(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।
ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– **19/2024-25/RWD/CHATRA** दिनांक– 13.09.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल सं.
1	RWD/ CHATRA/117/ 2024-25	प्रतापपुर	चन्दरी गोविन्दपुर	अनन्तपुर	REO रोड से ठाकुरबाड़ी लबजी नदी तक PCC पथ निर्माण	9544600.00	पन्द्रानबे लाख चौआलीस हजार छः सौ मात्र	06 माह	प्रथम
2	RWD/ CHATRA/118/ 2024-25	प्रतापपुर	चन्दरी गोविन्दपुर	चन्दरी गोविन्दपुर	REO रोड से अनुज पासवान के घर तक PCC पथ निर्माण	1305200.00	तेरह लाख पाँच हजार दो सौ मात्र	01 माह	प्रथम
3	RWD/ CHATRA/119/ 2024-25	प्रतापपुर	प्रतापपुर	प्रतापपुर	प्रयाग नगर मेन रोड से बिरेन्द्र यादव के घर तक PCC पथ निर्माण	1521700.00	पन्द्रह लाख इक्कीस हजार सात सौ मात्र	03 माह	प्रथम
4	RWD/ CHATRA/120/ 2024-25	प्रतापपुर	रामपुर	करमार टोला	कृष्णापुरी मेन डाकबंगला से शिवनन्दन यादव के घर तक PCC पथ निर्माण	6202000.00	बासठ लाख दो हजार मात्र	06 माह	प्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 335819 Rural Work Department(24-25)D

महत्वपूर्ण न्यूज

विधानसभा की तकदीर और तस्वीर बदलने का सभी को इंतजार: अरुणा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर पोखराहा खुर्द पंचायत के बहलोलवा, कचरवा, साव पट्टी, रामनगर रोड और पासवान टोला का दौरा कर भाजपा के पक्ष में प्रचार किया और प्रबुद्ध लोगों से मिली। कहा कि आने वाला समय भाजपा का है जिसमें सभी जन मुद्दों का समाधान होगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद नीरा देवी, मनोज पंडित, डॉ श्याम देव मेहता, डॉ नंदकिशोर, मुकेश मेहता, आदर्श, मनीष, गोलू यादव, रिंकू आनंद, अनिल मेहता, शिवनाथ साहू, सुरेंद्र पासवान, सुनीता सहाय, पंकज वर्मा, ईश्वर ठाकुर, दिलीप पांडे आदि उपस्थित थे।

सड़क मरम्मत की मांग को लेकर राजद नेता ने ग्रामीणों के साथ किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। दो राज्यों को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 139 मुख्य सड़क की जर्जर हालात, जाम की स्थिति और सड़क पर उड़ते धूल कण से परेशान लोगों को निजात दिलाने को लेकर शुक्रवार को राजद नेता कमलेश यादव के नेतृत्व में बेलौदार मोड़ पर मालवाहकों का परिचालन ठप कर दिया गया। सड़क जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि इस दौरान छोटे बड़े सभी तरह के यात्री वाहनों को जाम से मुक्त रखा गया। वहीं, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर एसआई शशि शेखर पांडेय व अविनाश कुमार के आश्वासन पर करीब तीन घंटे के बाद परिचालन शुरू हुआ। कहा गया कि शुक्रवार की शाम को ही गड्ढे की भराई कर दी जाएगी और बरसात के बाद पिचिंग करा दिया जाएगा। इस अवसर पर कमलेश यादव ने कहा कि काफी दिनों से एनएच की स्थिति बदहाल रहने से कई सड़क हादसे होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएच शहर के बीच से हजारों भारी वाहनों का परिचालन होता है। जिससे स्कूल जाने-आने के दौरान विद्यार्थियों समेत राहगीरों को हमेसा सड़क हादसे का भय बना रहता है। इसे देखते हुए राजद नेता ने भारी वाहनों का परिचालन रात में कराने की मांग को लेकर पलामू डीसी से मिलने की बात कही। इस मौके पर मिथिलेश यादव, अकलेश यादव, छोटू कुमार, चंदन कुमार, सतेंद्र पासवान, कामता पासवान, जदूनी यादव, जयनारायण यादव, सुरेंद्र यादव, प्रदीप चौधरी और राजू राम आदि उपस्थित थे।

डालटनगंज-गढ़वा रोड रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की अपील

केंद्रीय रेल मंत्री से मिले पलामू सांसद वीडी राम, मिला आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली में मिलकर मांगें रखते पलामू सांसद वीडी राम।

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने रेल मंत्री से डालटनगंज व गढ़वा रोड़ रूट पर वंदे भारत ट्रेन को चलाने का अनुरोध किया। उक्त मांग पर रेल मंत्री ने सहमति प्रदान करते हुए कहा कि फिलहाल इस रूट पर सप्ताह में एक दिन वंदे भारत ट्रेन चलाने का निर्णय बहुत जल्द लिया जाएगा। अगर पैसेंजर की संख्या अच्छी रही तो इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन को विस्तारित किया जाएगा। साथ ही बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 को चलाने का भी अनुरोध किया। विदित हो कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इससे पलामू संसदीय क्षेत्र के लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारंभ करने की मांग की जा रही है। उक्त ट्रेन को पुनः चलाने के लिए भी रेल मंत्री ने सहमति दे दी है। सांसद ने बताया कि उम्मीद है कि बहुत जल्द उपरोक्त दोनों ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ हो जाएगा, जिससे जनता को आवागमन में सहुलियत मिले।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या ही सभी समस्याओं की जननी: डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। आकाशवाणी परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के केंद्रीय अध्यक्ष सह वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने चंदन, कपूर, थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल आदि के पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि जब तक जनसंख्या विस्फोट पर लगाम नहीं लगाया जाएगा तब तक बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को रोक पाने की बात करना बेमानी होगी। डॉ कौशल ने कहा कि बेतहासा बढ़ती जनसंख्या सभी समस्याओं की जननी है। कहा कि आधुनिक सुख-सुविधा का इस्तेमाल कम से कम करना होगा। वहीं सरकार को इसके बदले पवन सौर ऊर्जा की व्यवस्था बड़े पैमाने पर करनी होगी। तभी हमें वर्तमान समस्याओं से निजात मिल पाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार व संचालन अभियांत्रिकी प्रमुख मंजू मुंडा ने किया। मौके पर सहायक अभियंता पप्पू कुमार, प्रधान लिपिक राजमोहन, उद्घोषक संतोष कुमार, संजय कुमार मिश्र, परशुराम दास आदि उपस्थित थे।

हुसैनाबाद सीओ ने 100 ट्रैक्टर डंप बालू जब्त किया

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। एसडीओ पीयूष सिन्हा के निर्देश पर सीओ पंकज कुमार ने बुधुआ व बड़ेपुर गांव के समीप सोननदी के आसपास के क्षेत्र से लगभग 100 ट्रैक्टर डंप किया गया बालू जब्त किया है। इस कार्रवाई में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार भी पुलिस बल के साथ शामिल थे। इस संबंध में सीओ ने बताया कि बुधुआ व बड़ेपुर गांव के पास अवैध रूप से बालू डंप कर रके जाने की सूचना मिली थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए करीब 100 ट्रैक्टर बालू जब्त किया गया है। बताया कि जब्त बालू को तहसील कचहरी में अभिरक्षित कर रखा गया है। साथ ही अग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी एवं डीसी को लिखित जानकारी दी गयी है। जब्त बालू को निगरानी व सुरक्षा के लिए स्थानीय चौकीदार व मुखिया को जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

स्वतंत्रता सेनानियों व देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य : विधायक

बेनी खुर्द में स्व युगेश्वर सिंह द्वार का विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड के बेनी खुर्द में निर्मित पूर्व सरपंच स्वर्गीय युगेश्वर सिंह द्वार का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी नेता मसरूर अहमद और संचालन सचिदानंद सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिन लोगों ने समाज सेवा में अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया, उन्हें सम्मान देना सभी का कर्तव्य बनता है। लोग उनके पदचिन्हों पर चलकर एक स्वास्थ्य समाज की स्थापना में अपना योगदान देने के लिए आगे आएं। विधायक ने कहा कि युगेश्वर बाबू ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में बीता दिया। उनके नाम पर द्वार का निर्माण करा कर समाज को संदेश देने का प्रयास है। उनके नाम पर द्वार बनने से आम लोगों में हर्ष है, गांव में उत्सव जैसा माहौल देख काफी खुशी हुई। कहा कि क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों व देश की रक्षा करने वाले लोगों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। वहीं, स्व युगेश्वर सिंह के पुत्र रंजित सिंह एवं पंचम कुमार सिंह ने भी विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रंजित सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, हंसराज सिंह, विजय राजवंशी, बलिस्टर सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, बबलू सिंह, लल्लू सिंह, अजय सिंह, रतन लाल, भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, भृगुनाथ सिंह, हीरा सिंह, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि थे।

बिजली की कमी और बारिश से परेशान हैं कांडी के किसान: ब्रह्मदेव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड में पिछले एक पखवारे से बारिश नहीं होने से यहां के किसान चिंतित व परेशान हैं। दूसरी ओर पिछले एक महीने से अधिक समय से बिजली की आंख मिचौली से परेशान हैं। किसानों के हिमायती ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पलामू प्रमंडल अकाल के लिए जाना जाता है, लेकिन सिंचाई परियोजना की बदहाल स्थिति इसके लिए पूरी तरह जिम्मेवार है। कई सुदूर प्रखंडों का लंबे समय से यही हाल है। इसपर राज्य की सभी सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि खेतों में लगी मकई सहित अन्य फसलें पटवन के अभाव में सूखने लगी हैं। किसानों को भारी नुकसान का डर सताने लगा है।

पलामू में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलेगा कचरा मुक्त भारत अभियान

समाहरणालय सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। कार्यशाला में स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर डीसी ने जिले में 'स्वछता ही सेवा, कचरा मुक्त भारत' अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर, दीवाल लेखन एवं चित्रण, स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। साथ ही समुदाय को अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने एवं उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से उत्प्रेरित किया जाएगा। इस वर्ष स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता को थीम बनाया गया है। इसके तहत सभी सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, विभिन्न कार्यालय में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गांव में कूड़ा-कचरा को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ करने, नालियों की साफ-सफाई,नदी पोखर, पईन एवं अन्य जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, डीएसओ प्रीति किस्कु, सिविल सर्जन डॉ अनिल आदि मौजूद थे।

रोनाल्डो के सोशल मीडिया पर 100 करोड़ फॉलोअर्स, यह आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति

अकेले इंस्टाग्राम पर ही है 60 करोड़ फॉलोअर्स

पुर्तगाल (एजेंसी)। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो दुनिया के पहले व्यक्ति हो गए हैं जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। रोनाल्डो ने यह जानकारी खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने के बाद गुरुवार को एक पोस्ट किया। इस पोस्ट के अंत में लिखा- मुझ पर विश्वास करने, अपना समर्थन देने और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। बतातें चलें कि रोनाल्डो के सोशल मीडिया फॉलोअर्स में इंस्टाग्राम पर 638 मिलियन (63.8 करोड़) से ज्यादा, एक्स पर 113 मिलियन (11.3 करोड़) से ज्यादा, फेसबुक पर 170 मिलियन (17 करोड़) और यूट्यूब पर 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सिलेब्रिटी हैं। दूसरे नंबर पर अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी हैं। उनके 500 मिलियन (50 करोड़) फॉलोअर्स हैं।

बस्ताकोला बीसीसीएल कॉलोनी के 10 घरों में मिले एडीज मच्छर के लार्वा, दहशत

दो युवकों में डेंगू के संभावित लक्षण मिलने के बाद से मचा है हड़कंप

- स्वास्थ्य विभाग ने दवा छिड़काव करके लार्वा को नष्ट किया
- माइंस रेस्क्यू सुपरीटेंडेंट ने नालियों की सफाई के लिए सिविल विभाग को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। माइंस रेस्क्यू स्टेशन बस्ताकोला परिसर के बीसीसीएल कॉलोनी निवासी दो युवकों में डेंगू का लक्षण पाए जाने के बाद से हड़कंप मचा है। बतातें चलें कि यहां करीब 80 आवास है. जिनमें रहने वाले कई बीसीसीएल कर्मी के परिवार चुपचाप अपने परिवार के बच्चों को अन्यत्र भेज दिए हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कॉलोनी का कंटेनर सर्वे किया। गौरतलब हो कि बीसीसीएल कर्मी अरिजीत सिन्हा के पुत्र अंकित सिन्हा व राम सुरेश यादव के पोता को तेज बुखार एवं कमजोरी के लक्षण को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां झरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम बास्ताकोला माइंस रेस्क्यू पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। टीम के सदस्यों ने परिसर के अंदर करीब 30 आवास में जाकर कंटेनर सर्वे किया। जिसमें 10 आवास में एडीज मच्छर का लार्वा पाया गया। जिसे दवा का छिड़काव कर नष्ट किया गया। टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ दिलीप कुमार ने लोगों को बताया कि प्रथम चरण में अंकित की जांच रिपोर्ट एवं पूछताछ से पता चला है कि उसे डेंगू नहीं है। अंकित की जांच बाजार में मिलने वाले एनएसस-1 किट से की गयी थी। साधारण बुखार में भी यह रिपोर्ट पॉजिटिव बताता है। डेंगू की जांच एलाईजा किट से एसएनएमएमसीएच में करने पर अगर रिपोर्ट पॉजिटिव आता है तो उसे डेंगू संभावित मरीज माना जाता है। इस दौरान विभाग की ओर से बताया गया कि लार्वा और प्यूपा स्टेज वाले एडीज मच्छर घरों में मौजूद साफ पानी के बर्तनों में पाए जाते है, जिसको स्वास्थ्य विभाग द्वारा कंटेनर सर्वे कर और लावार्नाधी दवाओं का छिड़काव कर नष्ट किया जाता है. लेकिन एडल्ट मच्छर जो काटकर रोग फैलाते हैं उसको भगाने या नष्ट करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की नहीं है। पूरे माइंस रेस्क्यू में जंगल और झाड़ियों का अंबार लगा है, जिस कारण भी आवासीय परिसर में मच्छर काफी पनप रहे है। लोगों का कहना है कि बीसीसीएल को आवेदन देने के बाद भी यह अबतक साफ नहीं हुआ है। वहीं, सर्वे टीम में वरूण कुमार, सत्यवान महतो, बबलू रविदास, छिड़काव टीम में इंद्रा कुमार राज कुमार व क्षेत्र की सहिया संगीता देवी शामिल थी।

बीसीसीएल के आवास में दवा का छिड़काव करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

बीसीसीएल कर्मियों ने जताया आक्रोश

उधर, जांच के लिए पहुंची स्वास्थ्य टीम के सदस्यों के सामने बीसीसीएल कर्मियों ने नालियों में दवा छिड़काव करने की बात कही। इस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने असमर्थता जाहिर किया। कहा कि नालियों की साफ सफाई बीसीसीएल की जिम्मेवारी है यहां चारों ओर गंदगी है। जिससे कई रोग फैलाने वाले मच्छर पैदा हो सकते हैं।

क्या कहते हैं माइंस रेस्क्यू सुपरिंटेंडेंट

माइंस रेस्क्यू सुपरिंटेंडेंट पीआर मुखर्जी का कहना है कि नालियों की सफाई के लिए सिविल विभाग को लिखा गया है। परिसर में रहने वाले बीसीसीएल कर्मी साफ सफाई के प्रति जागरूक हो। जल्द ही जंगली झाड़ियां की कटाई भी शुरू की जाएगी।

मैनुअल लोडिंग की मांग, जश्रसं के बैनर तले किया प्रदर्शन

झरिया (आजाद सिपाही)। घनुडीह में मैनुअल लोडिंग चालू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को गोलकडीह बीसीसीएल कुईयां परियोजना कार्यालय के समीप जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया। जश्रसं के नेताओ ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द घनुडीह मैनुअल लोडिंग चालू कराने की मांग की। कहा कि डीओ के माध्यम से कोयले का उठाव मैनुअल लोडिंग के माध्यम से हो। जिससे स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिल सकें। सात ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। वहीं परियोजना पदाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों से छह महीने के भीतर मागें पूरी करने का आश्वासन दिया है।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,
GOVERNMENT OF JHARKHAND
JHARKHAND MUNICIPAL DEVELOPMENT PROJECT
REQUEST FOR BID NO.: IN-JUIDCO LTD.-434748-CW-RFB
NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)
NIT No.: JUIDCO/NIT/Gumla WSS/JMDP/2024/632 Date: 12/09/2024

Name of Work	:	Design, Build and 5 Year Operation Service of Water Supply System for Gumla Nagar Parishad Jharkhand
Mode of Bid Submission	:	Online e-tendering (https://jharkhandtenders.gov.in)
Estimated value of Contract (CAPEX + OPEX excluding electricity charges)	:	Rs 100,18,89,732/- (Rs One Hundred Crore Eighteen Lakh Eighty Nine Thousand Seven Hundred Thirty Two Only)
Tender Fees	:	Rs 25,000/- (Non- Refundanle) (Rs Twenty Five Thousand Only)
Bid Security	:	Rs 1,00,18,897/- (Rupees One Crore Eighteen Thousand Eight Hundred and Ninty Seven only)
Start of sale of Bid Document	:	13/09/2024 from 10:00 Hrs
Date and time of pre-bid meeting	:	20/09/2024 at 15:00 hrs
Last date and time for receipt of online bids	:	16/10/2024 till 17:00 hrs
Date and time of opening of bids -Technical Part	:	16/10/2024 till 17:30 hrs
Address of the Employer	:	JUIDCO Ltd, JU IDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand 834 001
Officer Inviting Bids	:	Project Director (Technical) Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand-834 001 Tel: 0651- 2243203/ 2225878 e-mail: juidcolimited@gmail.com, Website: www.jharkhandtenders.gov.in

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website *http//: jharkhandtenders.gov.in*
PR 335634 Urban Development and Housing(24-25)D
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Limited, Ranchi

कार्यालय :– जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन
विज्ञापन संख्या :– 02/2024 आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि :– 21/09/2024
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कोडरमा के विभिन्न विभागों में निम्नलिखित पदों पर एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

Post Code	Name of Post	Dept.	No of Post	Category
11	ANM - NUHM	NUHM	5	UR-2, BC1-1, SC-1, EWS-1

नोट : रिक्तियाँ आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
1. उपरोक्त सभी पद हेतु विहित प्रपत्र में **कम्प्युटरीकृत** आवेदन आवश्यक कागजातों के साथ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी , जिला स्वास्थ्य समिति, सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा में **दिनांक – 21.09.2024 के अपराह्न 05:00** बजे तक प्राप्त किया जायेगा ।
2. नियुक्ति संबंधित अन्य शर्ते, अहर्त्ता, आवेदन शुल्क, आयु, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in एवं अधोहस्ताक्षरी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, कोडरमा
PR 335715 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

नशे की शिकार किशोरी को डालसा ने धनबाद स्टेशन से किया रेस्क्यू

धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत शुक्रवार को धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 से नशे की शिकार 13 साल की एक किशोरी को पीएलवी अरविंद कुमार और प्राणनाथ ने रेस्क्यू किया। किशोरी डेंड्राइट ग्लू का नशा कर रही थी। उसे नशे की हालत में सोये अवस्था में पाया गया। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराया जायेगा, जिसके बाद उसे बालिका गृह भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को पुलिस सीडब्ल्यूसी, चाईल्ड हेल्पलाइन की सहायता से रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है। इसके तहत अब तक पांच बच्चों को रेस्क्यू कर उसे मुख्य धारा में लाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। मौके पर सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी व चाइल्ड लाइन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने किया चक्का जाम

बरोरा/कतरास (आजाद सिपाही)। मुराईडीह एएमपी कोलियरी कर्मी अमरेंद्र कुमार, रामदेव कुमार व नंदलाल महतो के स्थायीकरण को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कश यूनियन के सदस्यों ने कोलियरी का चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी देते हुए यूनाइटेड कोल वर्कश यूनियन के बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडेय ने कहा कि बरमसिया बरोरा मौजा में 12 साल पहले जमीन के एवज में अस्थाई नियोजन दिया गया था। कंपनी के नियम के अनुसार छह महीने के बाद अस्थाई करण करना था, लेकिन प्रबंधन के लगातार टालमटोल की वजह से स्थाईकरण नहीं हो सका। उधर, चक्का जाम के चलते घंटों कार्य बाधित रहने के बाद बरोरा क्षेत्र महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने यूनियन प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाया। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडेय और संतोष चंद्र गोराई ने सभी बिंदुओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया। जिसके बाद महाप्रबंधक ने उनकी मांगों पर सहमति जताई। इस मौके पर बरोरा मुखिया प्रतिनिधि देवानंद साव, बीरंची शर्मा, सुमन पांडेय, एचएन गांधी, जगदीश रवानी, राजीव प्रसाद महतो, नवल महतो, नेपाल कुम्हार, हीरालाल रामदेव, प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक पियूष किशोर, एपीएम हेमंत हेना, एएमपी कोलियरी परियोजना पदाधिकारी काजल सरकार और मैनेजर जसवंत सिंह राजपूत उपस्थित थे।

बेरमो के विभिन्न क्षेत्रों में करमा पर्व की धूम

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो क्षेत्र के गांवों और शहरों में बहनों ने करमा पर्व की तैयारी लगभग पूरी कर ली है. महिलाओं व युवतियां अपने-अपने भाईयों के दीघार्यु के लिए करमा पर्व करेंगी। महिलाओं व युवतियां उपवास रखकर जावा डाली को सजाकर अखरा में रख कर नाच गाकर जगायेंगी। बहनें करमा गीत ' देहू-देहू करम गोसाई आशीष हो, हमर भईया जीये लाखों बरिस हो...' 'करमा परबे भईया आनवे नियान रे जीतिया परवे करहीये विदाई...' आदि गीत गाकर जावा को जगायेंगी। डाली की पूजा कर और कुछ गोत्र की कन्याएं खेतों में लगे धान के पौधे अपने आंगन में स्थापित कर नये परिधान पहन कर पूजा करेंगी और करम गोसाईं से अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना करेंगी। वहीं, रविवार को बहनें करम डाली और जावा को निकट के नदी और तालाबों में विसर्जन करेंगी। ज्ञात हो कि करमा पर्व की डाली में जावा सात, नौ व 11 दिन के उठाते है और सुबह, दोपहर व रात में नाच गाकर जगाते है। ढोरी बस्ती सोतारडीह, रेहवाघाट, बड़कीटांड़, कदमाडीह, बालूबैंकर, सिंगारबेड़ा, घुटियाटांड़, अंगवाली, चलकरी, पिछरी आदि स्थानों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मौके पर रेहवाघाट में करमेती सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, मधु देवी, बैबी देवी, गुड़ीया देवी, श्रृष्टि कुमारी आदि थीं।

झारखंड में बनने जा रही भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

भाजपा की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश महामंत्री संगठन करमवीर सिंह के निर्देश पर गिरिडीह जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी की संगठनात्मक बैठक हुई। जिसमें परिवर्तन यात्रा से संबंधित योजना की रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्यरूप से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी उपस्थित रहे।

वहीं, ज़िलाध्यक्ष महादेव दुबे के संयोजन में आयोजित बैठक एक सफल संगठनात्मक बैठक थी। उधर, पत्रकारों से बातें करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि इस बार पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ताओं का उत्साह यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुत की सरकार बनने जा रही है।

मुंबई नाबार्ड की टीम ने नावाडीह एवं जुड़ामना ग्रामीण हाट का किया निरीक्षण

नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। बोकरो नाबार्ड के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से नावाडीह बाजार व बरई पंचायत अंतर्गत जुड़मान बाजार में बने ग्रामीण हाट का निरीक्षण गुरुवार को मुंबई नाबार्ड की टीम ने किया। डीजीएम इंद्रजीत सांगवान ने बाजार शेड का निरीक्षण करते हुए कहा कि नाबार्ड द्वारा ग्रामीण किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण हाट का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण किसान इस हाट में विभिन्न प्रकार के सब्जी बेचने का कार्य करें। इस दौरण उन्होंने नावाडीह बाजार मे सब्जी बेच रहे दुकानदारों से बातचीत कर जानकारी ली। नाबार्ड के डीडीएम फिलमॉन बीलुंग ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के हाट का निर्माण हो जाने से यहां के किसानों को काफी लाभ हो रहा है। किसान अब खुले आसमान के नीचे बैठकर सब्जी बेचने को मजबूर नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि नावाडीह प्रखंड में नावाडीह व जुडामना मे ग्रामीण हाट का निर्माण किया गया है।

12वें दिन राजगंज पहुंचा चलंत लोक अदालत

लोगों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने को लेकर डालसा प्रतिबद्धः न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चलंत लोक अदालत बाघमारा ब्लॉक के राजगंज पहुंचा। जहां अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना, दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया। इस दौरान समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वैधानिक स्वयंसेवक दिनेश वर्मा, सहदेव महतो, चंदन कुमार, डालसा के विनोद पांडे और श्याम कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर एलईडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है। इसी

उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही और उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन रही है। मौके पर समाधान का प्रयास कर रही है। वहीं धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि उपेक्षित और वंचित वर्ग के लोगों को निष्पक्ष और सार्थक न्याय सुनिश्चित कराने के लिए एक समावेशी न्याय प्रणाली को बढावा देना समाज के उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावित कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता के साथ ही हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा हमेशा काम कर रही है। इसी कड़ी में जस्टिस ऑन व्हील दो सितंबर को रवाना किया गया जो 30 सितंबर तक जिले के सभी ब्लॉक और पंचायत का भ्रमण कर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता फैलाएगी। बताया कि इस दिन 70 लोगों से मंईयां सम्मान योजना, 12 आवेदन अबुआ आवास, 12 आवेदन बिजली बिल माफी से संबंधित और मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिस पर जल्द कार्रवाही होगी।

झारखण्ड राज्य सहकारी मत्स्य संघ लि०
(झास्कोफिश), डोरण्डा, राँची–834002
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सं0–JHASCOFISH/RANCHI/04/2024-25 दिनांक–13.09.2024

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– प्रबंध निदेशक का कार्यालय झास्कोफिश, डोरण्डा, राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक– 20.09.2024 (पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.09.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.09.2024 को अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– प्रबंध निदेशक का कार्यालय झास्कोफिश, डोरण्डा, राँची
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– प्रबंध निदेशक का कार्यालय झास्कोफिश, डोरण्डा, राँची
7. कार्यों की विवरणी :–

ग्रुप नं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र की राशि(रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	जिला–राँची, प्रं0–राहे, ग्रा0–राहे, पो0–राहे में अस्थायी कार्यालय शेड–सह–मछली बिक्री केन्द्र का अधिष्ठापन कार्य (राहे मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, राहे)	558100.00	11200.00	1250.00	30 दिन

विस्तृत जानकारी/निविदा शर्तों के लिए झास्कोफिश कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
प्रबंध निदेशक
झास्कोफिश, राँची।
PR.NO.335729 Jharkhand State Co-Operative Fisheries Federation Ltd(24-25):D

कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार
अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना
ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 25/2024-25
1.कार्य का नामः–

क्र	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	NIT रेफरेन्स संख्या
1	प्रखण्ड लातेहार पंचायत हेठपोचरा ग्राम हुटार में किरण उरांव के घर से होटवाग रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	83,05,700	1,66,500	10,000	06 माह	01/2024-25 /ZP/LATEHAR

2.बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 18.09.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.09.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 25.09.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9.ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10.प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11.संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12.प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13.उक्त निविदा में RWD/जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14.विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।
जिला अभियंता,
लातेहार
PR 335684 (Rural Development)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार
E-mail :- eengbcdlatehar-jhr@nic.in
अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–01/2024–25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि Cost of Unserviceable materials obtained after dismantling of Old Condemned Public Prosecution Office at Latehar in Latehar District के नीलामी हेतु मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक– 20.09.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

क्र0 सं0	योजना का नाम	न्यूनतम सुरक्षित राशि	अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत
1	Cost of Unserviceable materials obtained after dismantling of Old Condemned Public Prosecution Office at Latehar in Latehar District	10,001=00	1100=00

नीलामी की शर्ते निम्नवत हैः–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से दो दिनों के अन्दर कचरा को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
5) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार
PR 335690 Building (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

पीएम मोदी 17 को ओड़िशा में

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 17 सितंबर के ओडिशा दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़े इंतजाम किये हैं। पुलिस आयुक्त संजीव पंडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा ब्यबस्था के कड़े इंतजाम किया जा रहे हैं। एयरपोर्ट से जनता मैदान तक रोड पर बैरिकेडिंग रहेगी एवं इसके अलावा ब्लू बुक

के मुताबिक सुरक्षा उपायों के साथ यातायात प्रतिबंध भी लागू किये जायेंगे। सादे पोशाक में पुलिस भी तैनात रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को ओड़िशा दौर पर आयेंगे एवं जनता मैदान में बहुप्रतीक्षित सुभद्रा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही कुछ अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास करने कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री 17 तारीख सुबह 11:35 बजे भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे जनता मैदान जायेंगे और 12 से एक बजे तक एक घंटे के लिए वह जनता मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

समम में राष्ट्रीय मेडिकल अभिलेख दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मेडिकल अभिलेखों बनाये रखने के महत्व को उजागर करने के लिए मंगलवार को यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर में राष्ट्रीय मेडिकल अभिलेख दिवस मनाया गया। चालू वर्ष के विषय 'सटीक अभिलेखों के माध्यम से स्वास्थ्य को सशक्त बनाना' पर ध्यान केंद्रित करते हुए अस्पताल के कर्मचारियों के लिए एक सूचनात्मक सत्र आयोजित किया गया था। विभाग ने सटीक अभिलेखों के संग्रह, रखरखाव

और रखने पर प्रकाश डालने के लिए प्रस्तुतियां भी दीं।

कार्यक्रम का उद्घाटन समम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ श्वेतापद्मा दास ने किया, जिन्होंने अस्पताल के सुचारू संचालन के लिए विभाग के महत्व पर जोर दिया। अस्पताल के चिकित्सा सेवा प्रमुख, ब्रिगेडियर (डॉ) बिराज मोहन मिश्र, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत कुमार पामदा, चिकित्सा अभिलेख विभाग के प्रमुख डॉ मानस रंजन सेठी, डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

डॉ सेठी ने मेडिकल रिकॉर्ड रखने के कानूनी पहलुओं के बारे में बात की, ब्रिगेडियर (डॉ) मिश्र ने 'चिकित्सा अभिलेखों के डिजिटलीकरण' पर ध्यान केंद्रित किया। रतिकांत बारिक ने मेडिकल रिकॉर्ड के दस्तावेजीकरण की दिन-प्रतिदिन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करम परब प्राकृतिक और जीवन दर्शन की सहभगिता है

देवेंद्र नाथ महतो

करम परब यानी प्राकृतिक परब हमारी संस्कृति की महत्वपूर्ण और अनमोल धरोहर है। यह प्राकृतिक के साथ साथ सामाजिक एकता, सहभागिता, सामूहिकता और भाईचारे का भी परिचायक है। करम परब प्रकृति को संरक्षित और समृद्ध करने के साथ साथ जीवन को गति देने वाला त्योहार है। प्रकृति के प्रति लोगों का यही प्रेम, सम्मान और समर्पण यहां चलने को नृत्य और बोलने को संगीत बना देता है। बहनें अपने भाई के लिए करम एकादश करती है, ताकि भाई-बहन का प्रेम बना रहे, करम एकादश के दिन बहनें भाई का लंबी उम्र का कामना करता है, भादो शुरू होते ही करम परब का तैयारियां शुरू कर दिया जाता है, खेतों में काम समाप्त होने के बाद बहनें उत्साहित होकर व्रत करती हैं कि अब अनाज की कोई कमी नहीं होगी।

भादो मास शुक्ल पक्ष के एकादशी के नौ दिन पूर्व स्थानीय नदी, नाला, तालाब, जोरिया आदि जलाशय से नया डाली में साफ बालू उठा कर उसमें धान, चना, जौ, कुरथी, मकई, मूंग, उरद सहित नौ प्रकार के कृषि उत्पादित बीजों को बोकर जावा उठाती है, जिसे बाली उठा कहा जाता है। जावा उठा कर घर के अंदर साफ एवं स्वच्छ जगह पर अनुष्ठित करने वाली बालाओं को जावा की स्वच्छता के लिए कठोर नियम का पालन करना पड़ता है। स्वयं के खान - पान, रहन - सहन पर विशेष ध्यान रखती है, जावा डाली पर बोये गये बीजों को अंकुरित करने के लिए प्रकृति की शुद्ध वातावरण के साथ आवश्यकता के अनुरूप धूप दिखाना, जल्दी पानी पटवाना आदि इन युवतियों के जिम्मे होती है। बाद में जब अंकुरित होता है, जिसे जावा कहते हैं। जावा के अंकुरण को सृजन का प्रतीक माना जाता है।

भादो एकादश के दिन गांव के पाहन करम के प्रतीक करम डाली को अखरा के मध्य लगाता है। वहीं करमइतियां भाई-बहन अखरा को सजाते हैं। युवतियां भादो दशमी को संजोत कर दूसरे दिन एकादशी को निर्जला उपवास रहकर करम डाली के समक्ष जावा की आराधना करते हैं। इसके बाद रात भर डाली को जगाया जाता है। दूसरे दिन डाली जावा का विसर्जन किया जाता है, विसर्जन के पश्चात पारना कर अन्न ग्रहण करती है।

करम परब का वैज्ञानिक पहलुओं को इन रस्मों के द्वारा समझते हैं :-

1. बालू / मिट्टी उठाने का रस्म : मानव देह जिन पांच तत्वों से बना होता है, उसमें मिट्टी बहुत अहम होती है और जीवन की शुरुआत करने के लिए मिट्टी की ही पूजा सर्वप्रथम होती है। करम परब में अविवाहित युवतियां अपने आस पास के नदी नाले तालाब से स्नान और पूजा करके बालू / मिट्टी लेने की अनुमति लेती है और अपने बांस की टोकरी में नदी की पावन मिट्टी / बालू लेकर घर वापस आती है। जहां 9 प्रकार के कृषि उत्पादक बीज बोती है। जिसे अंकुरित होने होने जावा बोला जाता है, जावा अंकुरण प्रक्रिया को सृजन का प्रतीक बोला जाता है तथा मिट्टी में बीज बोने की प्रक्रिया को बुजुर्ग महिलाएं कुंवारी युवतियों को गर्भाधारण की प्रक्रिया का शिक्षा देती है।

2. लोटे में नदी से जल लाने की प्रक्रिया : जीवन का दूसरा महत्वपूर्ण तत्व जल होता है, युवतियां जीवनदायिनी नदी से पूजा कर पानी ले आने का विनती करती है। लोटे में नदी का जल को सिर पर रख कर समूह में नाचती हुई घर आती है। जब रंग बिरंगे कपड़े और आभूषणों से सजी हुई युवतियां अपने सिर पर पानी से भरा कलश लेकर चलती है, आगे आगे मादर थाप देते नाचते-गाते युवा-युवतियों का हौसला बढ़ाते हैं, तो यह घटना बहुत मनमोहक होती है। लोटा में पानी लाने का रस्म जीवन में पानी का महत्व को दर्शाता है।

3.आग तत्व के उपयोग जावा जगाने की बारात : अपनी नदी का बालू/ मिट्टी में बीजारोपण के बाद नव युवतियां हल्दी पानी से सींचती है। अपने बोये गये बीज में जीवन को सीमित रखने के लिए तीसरी महत्वपूर्ण अव्यय अग्नि की आवश्यकता होती है। इसलिए दलिया के पास दिया जला कर युवतियां पूजा करती हैं। इस दौरान बुजुर्ग महिलाएं-युवतियों को कोख में पल रहे गर्भ के लिए ऊर्जा और पोषण की आवश्यकता को दर्शाती है।

4. करम नाच वायु और आकाशीय तत्व द्वारा सम्मिलित करने का रस्म : जीवन में वायु का महत्व विशेष है। इसके बिना जीवन संभव नहीं है। रेत में बीज को लेकर चारों और करम नाच करते हैं। हवा के निशान दिये जाते हैं।

इस तरह 9 दिन तक लगातार जावा जगाने की प्रोसेस की जाती है, जो आगे युवतियों को भी अपने जीवन में नये जीव का जन्म देना होगा और उनकी देखभाल और पालन पोषण करना होगा बड़ा करना होगा, इसलिए उन्हें संस्कृति रूप में प्रशिक्षण दिया जाता है।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**